अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 182 | लखनऊ, शनिवार, 17 जनवरी 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### यूपी बोर्ड में कक्षा 9 और 11 में व्यावसायिक शिक्षा अनिवार्य

लखनऊ/प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विद्यालयी शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। परिषद ने शैक्षिक सत्र 2026 से कक्षा 9 और कक्षा 11 में व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य किए जाने की महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत आईटी, आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स, एपेरल और ब्यूटी एंड वेलनेस विषयों के व्यावसायिक पाठ्यक्रम को विषय समितियों द्वारा अनुमोदित कर परिषद परिषद के सचिव भगवती सिंह को सौंप दिया गया है। इस बाबत अधिकारियों का कहना है कि इन ट्रेड्स के अंतर्गत जॉब रोल आधारित पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए कई चरणों में बैठकों का आयोजन किया गया। यह कार्य परिषद के अपर सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में तथा उप-सचिव डॉ. आनंद कुमार त्रिपाठी के संयोजन में सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

### प्रधानमंत्री आज देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का करेंगे शुभारंभ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 एवं 18 जनवरी को पश्चिम बंगाल और असम के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह रेल, सड़क और जलमार्ग से जुड़ी 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री शनिवार को देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, जो गुवाहाटी और हावड़ा के बीच चलेगी। असम में काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमि पूजन भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री शनिवार को पश्चिम बंगाल में 3,250 करोड़ रुपये की लागत वाली कई रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

### मोदी का ट्रम्प के समक्ष सरेंडर, चाबहार बंदरगाह पर छोड़ा नियंत्रण : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने सरेंडर कर उसके दबाव में ईरान के चाबहार बंदरगाह से अपना नियंत्रण छोड़ दिया है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स पेज पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकबार फिर ट्रंप के आगे सरेंडर कर दिया है। ख़बरों के मुताबिक- ट्रंप के दबाव में श्री मोदी ने ईरान के चाबहार पोर्ट से अपना कंट्रोल छोड़ दिया है, चुपके से वेबसाइट भी बंद करवा दी।

# भारतीयों द्वारा भारतीय सर्वरों पर तैयार हो स्वदेशी एआई : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य में किसी देश को आगे रखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में क्रांति जरूरी होगी और इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि स्वदेशी एआई भारतीयों द्वारा भारतीय सर्वरों पर ही तैयार हो।



● प्रधानमंत्री मोदी ने युवा उद्यमियों को दिया प्रेरणादायी संदेश

श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम् में स्टार्टअप इंडिया मिशन के 10 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 साल में देश में एक ऐसा वातावरण तैयार हुआ है जो नवाचार को बढ़ावा देता है। सरकार ने विश्वास और पारदर्शिता का माहौल बनाया है। जन विश्वास कानून बनाया है। स्टार्टअप के लिए कई कानूनों में स्व-प्रमाणन की सुविधा दी गयी है ताकि स्टार्टअप का समय मुकदमेबाजी में बर्बाद न हो।

इससे पहले श्री मोदी ने कुछ स्टार्टअप कंपनियों के स्टॉल पर जाकर उनके द्वारा किये जा रहे काम के बारे में जाना। इसके बाद कुछ स्टार्टअप ने मंच से अपनी यात्रा और स्टार्टअप इंडिया मिशन से मिले लाभ के बारे में बताया। श्री मोदी ने कहा कि आज का अनुसंधान ही कल की बौद्धिक संपदा बनती है। जो देश एआई की क्रांति में जितना आगे होगा वह उतनी ही लाभ की स्थिति में होगा। कार्यक्रम में मौजूद स्टार्टअप का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, ''यह काम आपको करना होगा। इंडिया एआई मिशन के जरिये 38 हजार से अधिक जीपीयू को ऑनबोर्ड किया है। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्वदेशी एआई भारतीयों द्वारा भारतीय सर्वरों पर ही तैयार हों।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का नौजवान आज खिंची-खिंचाई लकीर पर आराम से अपनी जिंदगी गुजारने के लिए तैयार नहीं है। वह अपने लिए नये रास्ते खुद बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि जोखिम लेने वालों को अब सम्मान मिलता है और यह अब फैशन बन रहा है। इसी संदर्भ में अपनी सरकार की काम करने की शैली का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''जोखिम लेना मेरी भी आदत रही है। जिन कामों को दशकों से किसी ने नहीं छुआ, जिनके लिए लोग कहते थे कि राजनीतिक जोखिम है, मैं उन्हें अपना दायित्व समझकर जरूर करता हूं। नुकसान होगा तो मेरा होगा, लेकिन अगर फायदा होगा तो देश के करोड़ों परिवारों का होगा।''

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव में बीजेपी का क्लीन स्वीप, मुंबई से पुणे तक भगवा

एजेंसी

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, प्रतिष्ठित बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में ठाकरे परिवार के दशकों के वर्चस्व को समाप्त कर दिया। पुणे में भी पवार परिवार को झटका लगा, जिससे राज्य की शहरी राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत मिलता है।

शुक्रवार को महाराष्ट्र के शहरी क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने राज्य के प्रमुख नगर निगमों में शानदार जीत हासिल की। गुरुवार को हुए महत्वपूर्ण मतदान के बाद मतगणना से सत्तारूढ़ दल के पक्ष



में शहरी क्षेत्रों में स्पष्ट जनादेश का पता चला। गठबंधन ने प्रतिष्ठित बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया, जिससे ठाकरे परिवार के दशकों के एकतरफा वर्चस्व का अंत हुआ और भारत के सबसे समृद्ध नागरिक निकाय के प्रशासन में एक ऐतिहासिक बदलाव आया। भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति पार्टी ने 29 नगर निगम चुनावों में से 24 में बड़ी बढ़त हासिल की है। भाजपा गठबंधन में निर्विवाद रूप से ''बड़े भाई'' के रूप में उभरी और राज्य के द्वितीयक शहरी केंद्रों में अपनी जबरदस्त ताकत का प्रदर्शन किया।

नागपुर में पार्टी ने अपना पारंपरिक गढ़ बरकरार रखा और 80 से अधिक वार्डों में बढ़त हासिल करते हुए कांग्रेस को काफी पीछे छोड़ दिया। पिंपरी-चिंचवाड़ और पुणे में भी इसी तरह के रुझान देखने को मिले, जहां अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी महायुति गठबंधन से अलग होकर अपने चाचा शरद पवार की राष्ट्रीय सेना (एसपी) के साथ चुनाव लड़ी थी।

भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने उनकी कड़ी चुनौती और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को सफलतापूर्वक मात दी।

# भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी मजबूती की ओर : जयशंकर



एजेंसी

● भारत-जापान ने आर्थिक, समुद्री सुरक्षा में सहयोग को और मजबूत करने पर जतायी सहमति

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को यहां जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी के साथ 18वीं भारतऽजापान रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति शृंखला सुदृढ़ीकरण, महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच, उभरती प्रौद्योगिकियां, जन-से-जन संपर्क तथा बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जतायी।

विदेश मंत्री ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर दोनों नेताओं ने भारतऽजापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की निरंतर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी वैश्विक व्यवस्था को आकार देने और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के जोखिमों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, इंडो-पैसिफिक सहित क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ।

# रुपये लेकर पट्टा करने वालों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई : योगी

● जनता दर्शन में भूमि पट्टा आवंटन से जुड़ी कतिपय शिकायतों पर गंभीर दिखे मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोरखपुर। लगातार दो दिन मकर संक्रांति/खिचड़ी महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधाओं के प्रबंधन तथा निगरानी में व्यस्त रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनता दर्शन का आयोजन किया। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्रता से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में भूमि पट्टा आवंटन से जुड़ी कतिपय शिकायतों पर गंभीर दिखे मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस भी गांव में रुपया लेकर पट्टा आवंटन की शिकायत हो, वहां तत्काल जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में शुक्रवार सुबह आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद चलकर गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में एक महिला ने गांव में गरीबों के जमीन पट्टा आवंटन में अनियमितता की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि जहां भी रुपये लेकर जमीन पट्टा दिया गया हो, वहां संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए।

### ओडीओसी से वैश्विक फूड मैप पर स्थापित होगी यूपी के पाक कला की विरासत : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की समृद्ध और विविधतापूर्ण खान-पान परम्परा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में 'एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी)' योजना के शुभारम्भ का निर्णय लिया है। ब्रांड यूपी को सशक्त बनाने में एक जनपद-एक उत्पाद योजना की बड़ी भूमिका के बाद अब उत्तर प्रदेश की पारम्परिक क्यूज़ीन को संगठित ब्रांडिंग के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया जाएगा।

# ईरान की स्थिति पर कड़ी नजर : भारत

● अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी कदम उठायेंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने कहा है कि वह ईरान की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और वहां रहने वाले लगभग 9,000 भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाएगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में ईरान से संबंधित सवालों का जवाब देते हुए कहा, '' ईरान में हमारे लगभग 9,000 भारतीय



नागरिक हैं, इनमें अधिकांश छात्र हैं, साथ ही तीर्थयात्री, नाविक और व्यवसायी भी हैं। हमने भारतीय नागरिकों को ईरान की यात्रा से बचने की सलाह दी है, और जो पहले से वहां हैं, उन्हें देश छोड़ने का अनुरोध किया गया है। अभी वाणिज्यिक उड़ानें उपलब्ध हैं, उन्हें इसका उपयोग कर देश लौटना चाहिए। हम स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और हमारे लोगों के लिए जो भी आवश्यक होगा, हम करेंगे।''

गुरुवार को सूत्रों ने बताया था , ''ईरान की बदलती स्थिति को देखते हुए, विदेश मंत्रालय भारतीय नागरिकों की भारत वापसी में सुविधा प्रदान करने की तैयारी कर रहा है।'' इससे संकेत मिलता है कि यदि स्थिति बिगड़ती है तो तो वहां से जल्द ही नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा सकता है।

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को ईरान की स्थिति पर जारी परामर्श में भारतीय नागरिकों से कहा था कि आगे की सूचना तक ईरान की यात्रा टालें।

तेहरान में भारतीय दूतावास ने सलाह दी थी कि ईरान में मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए, वहां मौजूद छात्र, तीर्थयात्री, व्यवसायी या पर्यटक भारतीय नागरिक उपलब्ध परिवहन साधनों, जिनमें वाणिज्यिक उड़ानें भी शामिल हैं, के माध्यम से देश छोड़ दें।

### भारत में 40 करोड़ से ज्यादा हुए 5जी यूजर्स, दुनियाभर में दूसरा नंबर : सिंधिया

नई दिल्ली। भारत ने डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी यूजर्स बेस वाला देश बन गया है। भारत में 400 मिलियन (40) करोड़ से ज्यादा लोग 5जी सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। 5जी के मामले में अब भारत से आगे केवल चीन है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट पर लिखा कि भारत में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा 5जी सब्सक्राइबर बेस है, अब यह दुनिया में इस टेक्नोलॉजी को सबसे तेजी से अपनाने वाले देशों में से एक है। सिंधिया ने आगे लिखा कि 400 मिलियन से ज्यादा 5जी यूजर्स के साथ भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी सब्सक्राइबर बेस बन गया है।

# बीज गुणवत्ता को लेकर सख्त सरकार, नया विधेयक लाएगी : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी



नई दिल्ली। बीज अधिनियम 2026 के माध्यम से हर किसान को सुरक्षित, भरोसेमंद और उत्पादक बीज उपलब्ध कराने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया जा रहा है। इसके लिए केन्द्र सरकार विधेयक लाने जा रही है। जिसमें सख्त प्रावधानों पर आधारित तीन बड़े बदलाव किए जाएंगे।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि पुराने 1966 के बीज अधिनियम में दंड के प्रावधान काफी कमजोर हैं। किसानों को घटिया और नकली बीजों से बचाने तथा जानबूझकर इन्हें बेचने वालों को कड़ी सजा देने के लिए सख्त कानून की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि नकली या खराब गुणवत्ता वाला बीज बेचने डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें पहले से अधिक जुर्माना भी भरना पड़ेगा।

## लाल किला ब्लास्ट केस

# ईडी ने कुर्क की अल फलाह विश्वविद्यालय की संपत्तियां, दाखिल किया आरोप-पत्र

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय की लगभग 140 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां शुक्रवार को कुर्क कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके ट्रस्ट के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। अल फलाह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजधानी में पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के निकट हुए कार बम विस्फोट के बाद केंद्रीय एजेंसियों की जांच के घेरे में है। उन्होंने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी एक अंतरिम आदेश के तहत फरीदाबाद के धौज क्षेत्र में स्थित विश्वविद्यालय की 54 एकड़ भूमि, विश्वविद्यालय की इमारतों, विभिन्न स्कूलों और विभागों से संबंधित इमारतों और छात्रावासों को कुर्क कर लिया गया है। 'पीटीआई' ने इस सप्ताह की शुरुआत में सबसे पहले यह खबर दी थी कि ईडी अल फलाह ट्रस्ट के स्वामित्व वाली इन संपत्तियों को ''अपराध से अर्जित आय'' के रूप में वर्गीकृत करते हुए इन्हें कुर्क करने जा रही है।सिद्दीकी को नवंबर में ईडी ने उनके ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों के छात्रों के साथ धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के आरोपों में गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने दावा किया कि शिक्षण संस्थानों के पास शिक्षण के लिए आवश्यक वैध मान्यता नहीं थी। अधिकारियों ने बताया कि पीएमएलए की विशेष अदालत में सिद्दीकी और अल फलाह ट्रस्ट के खिलाफ भी आरोप-पत्र दायर किया गया है।

# जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं में तेजी शासन की प्राथमिकता : एके शर्मा

## आवासीय योजनाओं में सुधार पर विशेष जोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने शुक्रवार को लखनऊ में नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहरी विकास से जुड़ी योजनाएं सरकार की प्राथमिकता हैं और इनमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंत्री शर्मा ने स्मार्ट सिटी मिशन, गौशाला, डॉग शेल्टर, आकांक्षी नगर योजना, वैश्विक नगरोदय योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, सीएम ग्रिड योजना, स्मार्ट पालिका, पंडित



दीनदयाल नगरीय विकास योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं में कार्य की गति तेज की जाए और उनके परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दें।

आवासीय योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर मंत्री शर्मा ने असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवासीय योजनाएं आम नागरिकों से सीधे जुड़ी

● नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की, तय समय में पूर्ण करने के निर्देश

हुई हैं, इसलिए इन योजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी जनहित के विपरीत है। इसके साथ ही मंत्री श्री शर्मा ने सीएम ग्रिड योजना को पालिका स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे शहरी आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जा सकेगा। बैठक में जल निकासी व्यवस्था, झील, तालाब, पोखर, वंदन एवं अंत्येष्टि स्थलों से संबंधित कार्यों में पुनर्विनियोग करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही कैडर रिव्यू एवं विभागीय कार्यवाहियों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी लेते हुए मंत्री शर्मा ने इन मामलों में भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद, सचिव , निदेशक नगरीय निकाय नुज झा,सचिव/एमडी जल निगम रविंद्र कुमार प्रथम, विशेष सचिव सूडा, जेएमडी जल निगम प्रवीण लक्ष्यकार, विशेष सचिव सत्यप्रकाश पटेल, विशेष सचिव महेंद्र बहादुर सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप : बिजली से जुड़ी सारी समस्याओं का एक समाधान, नहीं पड़ेगी दफ्तर जाने की जरूरत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- **बिजली दफ्तर जाने की जरूरत नहीं, बिजली खपत से लेकर रिचार्ज तक की सुविधा एक ऐप पर उपलब्ध**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन (यूपीपीसीएल) बिजली के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए एक खास ऐप लेकर आया है। यह ‘यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप’ बिजली से जुड़ी उपभोक्ताओं की सारी समस्याओं का सीधा समाधान है। उपभोक्ता अपने मोबाइल में डाउनलोड करने के बाद प्रतिदिन की बिजली खपत की रीडिंग देखने के साथ रिचार्ज की हुई राशि का बैलेंस भी देख सकते हैं और उसके मुताबिक अपने बिजली उपयोग पर नियंत्रण भी कर सकते हैं। सबसे खास बात यह है कि उपभोक्ताओं को बिजली से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए बिजली दफ्तर जाने की जरूरत नहीं है। क्योंकि, सभी सुविधाएं इसी ऐप पर उपलब्ध है। यूपी के बिजली उपभोक्ता इस ऐप के जरिए अपने नियमित बिजली खपत की जानकारी देख सकते हैं। इसी ऐप के जरिए अपने ऐप को रिचार्ज भी कर सकते हैं और बैलेंस भी चेक कर सकते हैं। जिससे समय रहते रिचार्ज किया जा सकता है। मीटर को रिचार्ज करने की सुविधा भी इस यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप में उपलब्ध है। यदि किसी वजह से बिजली कट जाती है तो इसी ऐप के जरिए शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। सबसे खास बात यह कि आपको अपने घर के बिजली कनेक्शन को कटवाना भी है तो आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है, बस इसी ऐप के माध्यम से अपनी आग्रह भेज सकते हैं। यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप पर रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया सरल है। आप 2026 के नवीनतम अपडेट के अनुसार नीचे दिए गए चरणों का पालन करके अपना पंजीकरण पूरा कर सकते हैं। सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर या एपल एप स्टोर से आधिकारिक यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप डाउनलोड करें। साइन-अप विकल्प चुनें-ऐप खोलें और होम स्क्रीन पर दिए गए ‘लॉगिन/रजिस्टर बटन पर क्लिक करें। इसके बाद नए अकाउंट के लिए ‘साइन अप‘ पर टैप करें। अपना 10 अंकों का खाता नंबर भरें और उसे वेरीफाई करें। इसके बाद वह मोबाइल नंबर दर्ज करें जो आपके बिजली कनेक्शन के साथ पंजीकृत है। आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी प्राप्त होगा। इसे निर्धारित बॉक्स में डालें और ‘वेरीफाई‘ पर क्लिक करें। वेरिफिकेशन के बाद, ऐप के लिए अपनी पसंद का एक यूजरनेम और पासवर्ड बनाएं। भविष्य में लॉगिन करने के लिए इन्हें सुरक्षित रखें। सभी जानकारी भरने के बाद ‘सबमिट‘ या ‘साइन अप‘ बटन दबाएं। सफल पंजीकरण के बाद आप लॉगिन कर अपना बिल, स्मार्ट मीटर बैलेंस और कंजम्पशन देख सकते हैं। यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप पर अपने प्रीपेड स्मार्ट मीटर को रिचार्ज करने की प्रक्रिया 2026 के अपडेट के अनुसार अत्यंत सरल और डिजिटल है। रिचार्ज करने के लिए नीचे दिए गए चरणों का पालन करें: उपभोक्ता अपने मोबाइल पर यूपीपीसीएलस्मार्ट ऐप खोलें और अपने क्रेडेंशियल्स के साथ लॉगिन करें। रिचार्ज विकल्प चुनें : होम स्क्रीन पर आपको आपका वर्तमान बैलेंस दिखाई देगा। रिचार्ज शुरू करने के लिए ‘ पे नाऊ ‘ या ‘रिचार्ज‘ बटन पर क्लिक करें। विवरण और राशि भरें। अपना खाता संख्या सुनिश्चित करें। जितनी राशि का रिचार्ज करना चाहते हैं (जैसे 100, 500, 1000 रुपये आदि), उसे दर्ज करें। पेमेंट गेटवे चुनें। इसके बाद ‘ प्रोसीड टू पे पर क्लिक करें। आपको भुगतान के कई विकल्प मिलेंगे जैसेः यूपीआई/क्यूआर : सबसे आसान तरीका ( फोन पे, गूगल पे, पेटीएम आदि)। डेबिट/क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग। गोमती नगर जोन के मुख्य अभियंता सुशील कुमार गर्ग ने यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप को उपभोक्ताओं के लिए काफी लाभकारी बताया है। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा स्मार्ट ऐप रजिस्ट्रेशन और बिल से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए चार कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। गोमती नगर जोन में अभी तक हजारों की संख्या में यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप रजिस्टर हो चुके हैं। साथ ही जोन के ज्यादातर उपभोक्ताओं के पास सत्यापन कोड (ओटीपी) आ चुका है। वहीं, गोमती नगर जोन में वहाट्सअप और सोशल मीडिया के लिए एई और जेई को तैनात किया गया है, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जा सके। इसी तरह बिलिंग से संबंधित समस्याओं को लिए अवर अभियंता को तैनात किया गया है, जोकि घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर व स्मार्ट ऐप के बारे में जागरुक कर रहे हैं। स्मार्ट मीटर व स्मार्ट ऐप को लेकर विभाग और कंपनी के बीच में एक कर्मचारी की तैनाती की गई है। वह विभाग और एएमआईएसपी के बीच सामंजस्य बनाने का कार्य कर रहा है। 2026 के नियमों के अनुसार स्मार्ट मीटर का बैलेंस नेगेटिव होने पर बिजली स्वतः कट सकती है, इसलिए ऐप पर नियमित रूप से अपनी खपत और बैलेंस चेक करते रहें। किसी भी तकनीकी समस्या के लिए आप सीधे यूपीपीसीएल के आधिकारिक पोर्टल या यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप का भी उपयोग कर सकते हैं। केंद्र सरकार की रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के तहत प्रदेश भर में पुराने मीटर को हटाकर स्मार्ट मीटर बदलने और नए कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर पुराने मीटर से कितना अलग है, यह समझना आसान है। पुराने मीटर में मैनुअल रीडिंग होती थी, कर्मचारी घर आकर पढ़ता था, जिससे गलतियां संभव थीं। टेम्परिंग आसान थी और खपत न होने पर भी महीने के अंत में अनुमानित बिल आता था। इंटरनेट कनेक्शन नहीं होने से प्रोसेस पूरी तरह मैनुअल थी। वहीं स्मार्ट मीटर इंटरनेट से कनेक्टेड है। इसमें सिमकार्ड लगा होता है। स्मार्ट मीटर 24 घंटे कम्यूनीकेट करता है। हर 15-30 मिनट में अपडेट देता है। यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप से रियल टाइम खपत देखी जा सकती है। हैकिंग या टेम्परिंग की भी संभावनाए न के बराबर होती हैं। रीडिंग और बिल जेनरेशन आटोमैटिक होता है।

## विहिप ने केजीएमयू में नियुक्तियों सहित गतिविधियों की जांच की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर विश्व हिंदू परिषद (अवध प्रान्त) ने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने विश्वविद्यालय में नियुक्तियों, प्रशासनिक निर्णयों और कथित गतिविधियों पर सवाल उठाते हुए एसटीएफ अथवा प्रदेश सरकार की किसी जांच एजेंसी से प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। परिषद द्वारा भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि केजीएमयू से जुड़े कुछ मुद्दे पहले भी उजागर किए गए थे और अब पुनः सामने आ रहे तथ्यों को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई जरूरी है। पत्र में परिषद ने दावा किया है कि सैय्यद अकबर अब्बास नामक व्यक्ति को रिटायरमेंट के बाद भी विश्वविद्यालय में दायित्व दिए जाने को लेकर गंभीर आपत्तियां हैं। परिषद ने मांग की है कि उक्त व्यक्ति को कुलपति कार्यालय से जुड़े ओएसडी पद से हटाया जाए तथा उनके संबंध में लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाए। ज्ञापन में परिषद ने केजीएमयू से जुड़े एक कथित लव जिहाद प्रकरण का भी उल्लेख करते हुए कहा है कि पीड़ित पक्ष द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन या अन्य अधिकारी/कर्मचारी से संपर्क किए जाने के बावजूद मामले को दबाने का प्रयास हुआ। परिषद ने मांग की है कि यह भी जांचा जाए कि मामले को दबाने की कोशिश किसके द्वारा और किन परिस्थितियों में की गई तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो।

ज्ञापन में परिषद ने केजीएमयू में 2021 से 2025 के बीच हुई नियमित, एडहॉक, नर्सिंग सहित अन्य नियुक्तियों की भी जांच कराने की मांग की है। वहीं सोशल मीडिया व समाचार पत्रों में वायरल हो रहे एक चित्र का हवाला देते हुए परिषद ने दावा किया है कि कुलपति कार्यालय के बाहर एक विशेष वर्ग द्वारा धार्मिक वेशभूषा में गतिविधियां दिखाई गईं, जिसकी अनुमति को भी अनुचित बताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

परिषद ने ज्ञापन के अंत में कहा है कि उपरोक्त बिंदुओं पर अतिशीघ्र उचित कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही ज्ञापन की प्रतिलिपि उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी भेजी गई है।

## कुत्ते को कुचलने पर विवाद मारपीट में कई घायल पुलिस जांच में जुटी

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में एक कुत्ते को गाड़ी से कुचलने के बाद हुए विवाद में मारपीट हो गई। इस घटना में शिकायतकर्ता सलोनी और उसके परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। बंथरा थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच में जुट गई है। खटोला गांव निवासी सलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 जनवरी 2026 को वह अपने पालतू कुत्ते को खाना खिला रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार (नंबर यूपी 32 ओएम6163) ने कुत्ते को कुचल दिया। सलोनी ने आवाज लगाकर गाड़ी रुकवाई। गाड़ी रुकने पर उसमें से चार लोग बाहर निकले, जिनकी पहचान हिमांशु (चालक), शिवा, हंसराज और लवकुश के रूप में हुई। इन लोगों ने सलोनी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। बात बढ़ने पर हमलावरों ने डंडे लेकर सलोनी पर हमला कर दिया। सलोनी को पिटता देख उसकी बहनें काजल और सलनी भी बीच-बचाव करने आईं, तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया।

## बीजेपी का प्लान: मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने के लिए होगा स्नेह मिलन कार्यक्रमों का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव और अगले साल के शुरू में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अल्पसंख्यक मोर्चे ने मुस्लिम मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने की रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। मोर्चे ने इस साल चुनावी गहमागहमी बढ़ने के मद्देनजर हर जिले के मुस्लिम बहुल इलाकों में स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित करने और हाल ही में लखनऊ के दौरे पर आये केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू को कुछ कार्यक्रमों में आमंत्रित करने की योजना पर भी काम करना शुरू किया है। उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने आगामी चुनावों के मद्देनजर मुस्लिम बहुल इलाकों में पार्टी की रणनीति का खुलासा करते हुए बताया कि पार्टी भाजपा के खिलाफ विपक्ष के मुस्लिम विरोधी प्रोपेगेंडा के तोड़ के लिये एक व्यापक रणनीति बना रही है। उन्होंने कहा कि इस रणनीति के तहत आने वाले महीनों में उत्तर प्रदेश के हर जिले में स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, ताकि मुस्लिम समाज तक भाजपा का संदेश पहुंचे कि यह पार्टी उसकी सच्ची हितैषी है और उसके शासन में ही मुसलमानों को सरकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ पहुंचा है। उत्तर प्रदेश में आगामी अप्रैल-मई में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और अगले साल के शुरू में ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। अली ने गत मंगलवार को लखनऊ में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में दिये गये वक्तव्य का जिक्र भी किया जिसमें उन्होंने विपक्ष द्वारा भाजपा के मुस्लिम विरोधी होने का मिथ्याप्रचार किये जाने की बात कही थी। रीजीजू ने बृहस्पतिवार को अपने एक्स हैंडल को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में अपने बयान का एक अंश साझा किया। इसमें उन्होंने कहा, हिंदुस्तान में सारे धर्म, सारी जातियों के लोग अच्छी तरह से सुरक्षित हैं। कभी-कभी आप लोग सुनते होंगे कि मुसलमानों के साथ ज्यादती हो रही है, सिखों के साथ, ईसाइयों के साथ ज्यादती हो रही है। यह प्रोपेगेंडा चलता रहता है। उन्होंने कहा, मैं जिस पार्टी से आता हूं, हम लोगों के खिलाफ एक अभियान चलाया गया है। बहुत गलत बात है। किसी धर्म या मजहब के खिलाफ एक भी चोट पहुंचाने वाला काम हमने नहीं किया। उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने बताया कि रिजिजू की इस पोस्ट को दो लाख से ज्यादा लोगों ने देखा है और इसकी सराहना भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मोर्चा आगामी पंचायत चुनावों और विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में होने वाले स्नेह मिलन कार्यक्रमों में से कुछ जलसों में रिजिजू को भी आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। अली ने कहा कि भाजपा ने अपनी कार्यशैली से साबित किया है कि उसी के शासनकाल में मुसलमानों को समाज की मुख्यधारा में लाने और विकास योजनाओं में उन्हें उनका वाजिब हक देने के सार्थक प्रयास किये गये हैं। यह जमीनी हकीकत है कि भाजपा के शासन में ही मुसलमानों को सरकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि खुद को मुसलमानों की हितैषी बताने वाली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी दलों ने हमेशा मुस्लिम समाज को गुमराह करके उनसे वोट तो लिया लेकिन उन्हें उनका वाजिब हक नहीं दिया। सच्चर समिति की रिपोर्ट इस हकीकत को बयान कर चुकी है।

## सोने-चांदी के बढ़ते भाव से डिप्रेश सर्राफ ने सुसाइड किया

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सर्राफा कारोबारी ने सुसाइड कर लिया। उनका शव घर के आंगन में मिला। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना गुरुवार रात सआदतगंज थाना क्षेत्र के चौपटिया में हुई। मृतक सर्राफ की पहचान मनोज अग्रवाल के रूप में हुई। साथी सर्राफों का कहना है कि मनोज ने सहालग को लेकर पूर्व में कई बड़े ऑर्डर लिए थे। उस समय सोना-चांदी के दाम कम थे। अब सहालग में उसी पुराने दाम पर उन्हें सभी ऑर्डर पूरे करने थे। इस वजह से वह डिप्रेशन में रहते थे। लग रहा है कि इसी वजह से उन्होंने सुसाइड कर लिया। मनोज की चौक में हरी मस्जिद के पास कुंदन मार्केट में श्री श्रृंगार नाम से दुकान है। वह सोने-चांदी का कारोबार करते थे। गुरुवार को दोपहर के समय वह दुकान में थे। चौक में मकर सक्रांति के मौके पर चल रहे भंडारे में शामिल हुए। इसके बाद दुकान बंद करके घर चले गए। रात को घर के आंगन में लगी ग्रिल के सहारे फंदे उनका शव लटकता मिला।

## राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा हटाए गए

**लखनऊ।** अयोध्या स्थित राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक अनियमितताओं से संबंधित शिकायतों के बाद शासन ने बड़ा निर्णय लिया है। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा को पद से हटाते हुए उन्हें महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण (डीजीएमई), लखनऊ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा अमित घोष के स्तर से जारी आदेश के अनुसार, डॉ. सत्यजीत वर्मा के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच प्रचलित होने के दृष्टिगत अंतिम निर्णय आने तक उन्हें लखनऊ कार्यालय से संबद्ध किया गया है। इस बावत कॉलेज के छह विभागाध्यक्षों द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर प्राचार्य के विरुद्ध भ्रष्टाचार से जुड़े तथ्यों व साक्ष्यों की जानकारी दी गई थी। आरोपों में खरीद-फरोख्त में अनियमितता, सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग, मशीनों को ठप कर निजी व्यवस्था को बढ़ावा देने तथा एक ही अधिकारी/शिक्षक को अनेक प्रमुख दायित्व सौंपे जाने जैसी बातें शामिल बताई गईं थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। समिति ने कॉलेज पहुंचकर संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए तथा जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी है। वहीं, लोकायुक्त स्तर पर भी प्रकरण की जांच के निर्देश की सूचना है। इधर, कॉलेज में शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए शासन ने राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज में तैनात कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश सिंह मार्तोलिया को राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज अयोध्या का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया है।

## किसान संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन एलडीए से अधिग्रहण का बकाया मांगा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। किसानों, मजदूरों और श्रमिकों से जुड़ी लंबित समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन लखनऊ प्रशासन को सौंपा है। सुभाष चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए किसान संगठन ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा अधिगृहीत जमीन का बकाया भुगतान, गांवों के विकास कार्य, जर्जर सड़कों और जलभराव समेत 11 मांग जैसी गंभीर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। संगठन का कहना है कि वर्षों से लंबित मुद्दों के कारण किसान और आम नागरिक लगातार परेशान हैं। ज्ञापन में बताया गया कि तहसील बीकेटी स्थित ग्राम सभा मोइनुद्दीन की जमीन का अधिग्रहण वर्ष 1981 में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया था। अधिग्रहण के दौरान जिन खसरा संख्याओं की जमीन ली गई, उनमें से कई किसानों को आज तक पूरा मुआवजा नहीं मिल सका है। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ऐसे सभी किसानों को अविलंब उनकी जमीन का पूरा भुगतान दिलाया जाए। किसान यूनियन ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम सभा मोइनुद्दीन की सैकड़ों गाटा संख्याएं अधिग्रहण से छूट गई हैं या फिर गैजेट में दर्ज नहीं हैं। संगठन का कहना है कि इन गाटा संख्याओं का सही मिलान कर उन्हें अधिग्रहण से बाहर किया जाए, ताकि किसानों की जमीन पर किसी तरह का विवाद न रहे। ग्राम सभा मोइनुद्दीन के ग्रामीणों ने गांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास की मांग उठाई है। ज्ञापन में बारातघर, खेलकूद के मैदान के निर्माण के साथ-साथ गांव के चारों ओर सरकारी सड़कों और नालियों के शीघ्र निर्माण की आवश्यकता बताई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बुनियादी ढांचे की कमी के कारण रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। संगठन ने मुख्यमंत्री के पूर्व आदेशों का हवाला देते हुए मांग की है कि यमुना प्राधिकरण की तर्ज पर स्व। भी अधिग्रहित जमीन के बदले किसानों को 10 प्रतिशत विकसित प्लॉट उपलब्ध कराए। इससे विस्थापित किसानों को दोबारा बसने में राहत मिल सकेगी। कुर्सी रोड स्थित ग्राम सभा बेहटा नहर पर बनी पुरानी पुलिया को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। यह पुलिया ग्राम सभा कतली, शहर और बेहटा गांव को जोड़ती है, लेकिन अत्यधिक संकरी होने के कारण आए दिन परेशानी होती है। संगठन ने पुलिया का चौड़ीकरण कर नई पुलिया के निर्माण की मांग की है। जानकीपुरम की 60 फीट रोड पर बिजली के केबल डालने के लिए सड़क खोद दिए जाने के बाद उसे ठीक नहीं किया गया है। सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे दुकानदारों और आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने सड़क के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है। एफएसडी अस्पताल के पीछे राधेश्याम पुरवा गांव को जाने वाली सड़क और नाली की हालत बेहद खराब बताई गई है। नगर निगम से कई बार शिकायत के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। जानकीपुरम वार्ड नंबर प्रथम में बाबा निर्मल दास स्कूटी के पास से मंडियांव गांव को जाने वाली सड़क की हालत जर्जर बताई गई है। इसके अलावा फैजुल्लागंज अजीजनगर में भारत इलेक्ट्रिशियन की दुकान से नटवीर बाबा मजार तक जलभराव की गंभीर समस्या बनी रहती है।

## राजधानी में सफाई नहीं, 2 दिन का वेतन काटा, प्रभारी मंत्री ने देखा सड़क पर अतिक्रमण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में सफाई नहीं की जा रही है। इसका नजारा शुक्रवार सुबह दिखा जब प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना और मेयर सुषमा खर्कवाल व्यवस्था देखने निकले। जोन-1 के निरीक्षण में विक्रमादित्य वार्ड, लाल कुआं वार्ड, जेसी बोस वार्ड, यदुनाथ सान्याल वार्ड और बाबू बनारसी दास वार्ड में सड़क पर गंदगी और अतिक्रमण दिखा। गंदगी देख प्रभारी मंत्री ने कहा यह अच्छी बात नहीं है। सफाई की बहुत जरूरत है। मेयर ने कहा- ऐसा लगता है कि यहां 1 महीने से झाड़ू ही नहीं लगी। इस पर मंत्री ने जोनल अधिकारी से लेकर सुपरवाइजर तक का 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यहां नजर बनाए रखें। निरीक्षण में नगर आयुक्त गौरव कुमार भी साथ थे। मेयर ने आसपास के लोगों से व्यवस्था के बारे में पूछा। लोगों ने शिकायतों की झड़ी लगा दी। लोगों ने कहा कि रोज तो झाड़ू लगती है, लेकिन गंदगी साफ नहीं हो रही है। मोहल्ले में बहुत गंदगी है। कोई सुनवाई नहीं होती है। मेयर ने लोगों से पूछा कि झाड़ू वाले नहीं आते हैं? इसपर लोगों ने सड़क पर पड़ा गोबर भी दिखा दिया। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पीडब्लयूडी कार्यशाला की रोड पर सड़क पर अतिक्रमण है। कई जगहों पर नाली के अंदर से पेयजल की लाइन गई है। इसे ठीक किया जाए। जलकल के स्थान पर कूड़े का ढेर है। ट्रांसफॉर्मर जहां लगे हैं, उनके आसपास बहुत गंदगी है। अब 30 जनवरी के बाद में फिर से निरीक्षण करेंगे। ड्रेनेज व्यवस्था सही होनी चाहिए। जोन-1 के लालकुआं वार्ड में नालियों की सफाई, कचरा नियमित उठाव और पेयजल की पाइपलाइन की समस्या है।

## अब पालक में नहीं जाएगा ‘जहर’, लखनऊ विवि की नई तकनीक से आर्सेनिक पर लगेगी लगाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। देश के हजारों किसान आज भी ऐसी जमीन पर खेती करने को मजबूर हैं, जहां मिट्टी और पानी में आर्सेनिक जैसा खतरनाक जहर घुल चुका है। स्थिति इसलिए भी तब गंभीर हो जाती हैं, जब पालक जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां आर्सेनिक को तेजी से अपने भीतर जमा कर लेती हैं।

विशेषज्ञ मानते हैं कि लंबे समय तक ऐसी सब्जियों का सेवन करने से कैंसर, नसों की बीमारियों और दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, असम और पंजाब जैसे कई राज्यों में यह चुनौती लगातार बढ़ रही है लेकिन अब इस समस्या के समाधान की दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है, जो किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए नई उम्मीद बन सकती है। विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रो. मोहम्मद इसराईल अंसारी के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने सिल्वर क्वांटम डॉट्स नामक बेहद सूक्ष्म कणों का इस्तेमाल कर पालक को आर्सेनिक से बचाने का तरीका खोज निकाला है। यह शोध नीदरलैंड की प्रतिष्ठित पत्रिका ‘प्लांट स्ट्रेस’ में प्रकाशित हुआ है।

शुक्रवार को प्रो. मोहम्मद इसराईल अंसारी ने बताया कि ये क्वांटम डॉट्स किसी रासायनिक फैक्ट्री में नहीं, बल्कि पालक की पत्तियों से ही हरित प्रक्रिया (ग्रीन टेक्नोलॉजी) के जरिए तैयार किए गए हैं। जब इन सूक्ष्म कणों को आर्सेनिक प्रभावित मिट्टी में प्रयोग किया गया, तो वे पौधों की कोशिकाओं के भीतर जाकर सक्रिय हो गए। परिणाम यह हुआ कि जड़ों से पत्तियों तक आर्सेनिक का सफर बाधित हो गया और खाने योग्य पत्तियों में इसका जमाव काफी कम हो गया। उनका कहना है कि केवल इतना ही नहीं ये कण पौधों की अंदरूनी रक्षा प्रणाली को भी मजबूत करते हैं। इससे पालक प्रदूषित माहौल में भी बेहतर तरीके से बढ़ पाती है। पत्तियां ज्यादा हरी, पौधा ज्यादा मजबूत, और उत्पादन बेहतर रहा। साथ ही पानी का संतुलन भी बना रहा। प्रो. अंसारी का कहना है कि आर्सेनिक प्रदूषण खाद्य सुरक्षा को बड़ा नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसे में यह तकनीक आर्सेनिक प्रभावित क्षेत्रों के लिए गेमचेंजर साबित हो सकती है। इससे किसान सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियां उगा सकेंगे और उपभोक्ता जहरीले भोजन से बच पाएंगे। उन्होंने कहा कि छोटे से दिखने वाले ये क्वांटम डॉट्स भविष्य में एक बड़ी समस्या का समाधान बन सकते हैं और शायद आने वाले समय में किसानों की खेती को फिर से सुरक्षित और भरोसेमंद बना दें।

## परिवार गया ससुराल, चोरों ने लाखों के गहने पार किए

लखनऊ। राजधानी के बिजनौर थाना क्षेत्र में एक मजदूर के घर से लाखों रुपए के गहने और नकदी चोरी हो गई। चोरों ने बीती रात घर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित मजदूर मंसाराम गौतम ने शुक्रवार सुबह घर लौटने पर चोरी की जानकारी पुलिस को दी। नटकुर गांव निवासी मंसाराम गौतम मकर संक्रांति के त्योहार पर गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ ससुराल चंद्रावल गए थे। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे जब वे वापस लौटे, तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था और संदूक का ताला भी टूटा हुआ था। मंसाराम के अनुसार, संदूक में रखे लगभग दो लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के गहने गायब थे। हजारों रुपए से भरा गुल्लक भी मौके से गायब मिला। सूचना मिलने पर बिजनौर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। छानबीन के दौरान मंसाराम की छत पर टूटा हुआ गुल्लक मिला, जिसमें से करीब 5 हजार रुपए गायब थे। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है। उनका कहना है कि गांव से कुछ दूरी पर पुलिस चौकी होने के बावजूद गश्त नहीं की जाती, जिसके कारण चोर आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

## उत्तर प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्ज़ा, कौशल विकास तक दिखाई दे रहा समग्र बदलाव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- **योगी मॉडल से एस्पिरेशनल से इंस्पिरेशनल बन रहे यूपी के विकास खंड**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी लगन से आकांक्षात्मक विकास खंडों की तस्वीर बदलने में जुटी है। विकास अब कागज़ों से निकलकर गांवों की ज़मीन पर नजर आ रहा है। प्रदेश के कई पिछड़े व आकांक्षात्मक विकास खंडों में केंद्र व राज्य सरकार से प्राप्त प्रोत्साहन राशि का सदुपयोग कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, ऊर्ज़ा, कौशल तथा आधारभूत सुविधाओं में ठोस बदलाव किया गया है। परिणाम यह है कि जो क्षेत्र कभी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझते थे, वे अब प्रेरणादायी विकास मॉडल के रूप में उभर रहे हैं। स्पष्ट है कि योगी सरकार ने आकांक्षात्मक ब्लॉकों को परिणाम आधारित विकास की दिशा में आगे बढ़ाया है। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि विकास खंडों को मिल रही प्रोत्साहन राशि से विकास के व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बरेली के मझगवां विकास खंड में दो उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों की रचनात्मक क्षमता और वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के लिए एस्ट्रोनॉमी लैब का निर्माण किया गया है। इससे ग्रामीण बच्चों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने का अवसर मिला। न्याय पंचायत गैनी में छात्रों के शैक्षिक विकास के लिए पुस्तकालय का निर्माण कराया गया। उन्होंने बताया कि मझगवां (बरेली) में ही ग्राम पंचायत बेहटा बुजुर्ग में शारीरिक व सामाजिक विकास के दृष्टिगत मिनी स्टेडियम व ओपन जिम का निर्माण किया गया। यह पहल ग्रामीण युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ ही नशामुक्त, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रोत्साहन राशि का सदुपयोग बदायूं के वजीरगंज विकास खंड में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भी देखा गया, जहां छात्राओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड तथा बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया। यह योगी सरकार की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें ‘बेटी की सुरक्षा और शिक्षा’ को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। आकांक्षात्मक ब्लॉकों में स्वास्थ्य एवं पोषण, पेयजल, मानव संसाधन विकास और कौशल उन्नयन जैसे क्षेत्रों में लक्षित निवेश किया गया है। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोरियों से जुड़े संकेतकों पर विशेष ध्यान देते हुए योजनाओं को लागू किया जा रहा है, ताकि सामाजिक विकास के साथ मानव विकास सूचकांक में भी सुधार हो। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार प्रोत्साहन राशि का उपयोग केवल निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि स्थायी लाभ, सामुदायिक भागीदारी और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया है। आज उत्तर प्रदेश के ये आकांक्षात्मक ब्लॉक संदेश दे रहे हैं कि सरकारी धन यदि सही योजना, ईमानदार क्रियान्वयन और स्पष्ट विजन के साथ खर्च हो, तो वही क्षेत्र प्रेरणादायी विकास की मिसाल बन सकता है। योगी सरकार का यह मॉडल आने वाले समय में प्रदेश ही नहीं, देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक रोल मॉडल बनता दिख रहा है।

# सभापति के हाथों जरूरतमंदों को मिले कंबल, ठंड से राहत



कम्बल वितरित करते सभापति व अन्य फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना (हरदोई)।** कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुए जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सभापति व प्रशासन के संयुक्त प्रयास से कंबल वितरण कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया गया! कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान आई व उन्हें ठंड से राहत मिली! विकास खंड परिसर के सभागार कक्ष में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की याचिका समिति के सभापति अशोक अग्रवाल व प्रशासन के संयुक्त प्रयास से कंबल वितरण का वृहद कार्यक्रम आयोजित हुआ! कार्यक्रम के दौरान सभापति ने स्वयं उपस्थित रहकर गरीब, वृद्ध, असहाय, दिव्यांग व अन्य बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किया, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिली! सभापति ने बैठे लोगों के स्थान पर स्वयं जाकर कंबल उढ़ाते हुए मानवता की मिसाल पेश की! कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतोष व खुशी की झलक देखने को मिलीए जिससे आयोजन की सार्थकता स्पष्ट झलकी!

इस अवसर पर सभापति ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के कमजोर व वंचित वर्ग की सेवा करना ही सच्ची जनसेवा है! उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए सरकार द्वारा निरंतर कार्यक्रम जारी किए जा रहे हैं, तथा आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्यक्रम जारी रहेंगे! कंबल वितरण कार्यक्रम के माध्यम से ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली! स्थानीय लोगों ने सभापति के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में इसी तरह के जनहित के कार्य होते रहेंगे! कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से नायब तहसीलदार आकांक्षा अग्निहोत्री, राजस्व निरीक्षक शिवरूप द्विवेदी, लेखपाल अनूप शुक्ला, अनिल शुक्ला, मुन्ने त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह, महामंत्री अजय बाजपेई, अवधेश गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, शिरीष मिश्रा, बबलू सिंह, गौतम कनौजिया, सत्य प्रकाश मिश्रा, मदन मिश्रा, रानू बाजपेई, सौरभ सिंह, मोहित सिंह, सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, नगर के गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही! सभी ने सभापति के इस मानवीय पहल की प्रशंसा की!

## हरदोई के पर्यटन स्थलों एवं चौराहों के कायाकल्प में तेजी लाने के निर्देशः जिलाधिकारी



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में पर्यटन विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर चल रहे पर्यटन विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को कार्य में शिथिलता न बरतने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों पर जो भी पर्यटन संबंधी सौंदर्यीकरण कार्य होने हैं, उनमें तत्काल प्रभाव से गति लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराए जनपद के प्रमुख मंदिर जैसे चतुर्भुज भगवान मंदिर, बाबा देव स्थान, और मां कसूमरा देवी मंदिर (बावन) आदि में चल रहे अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्यों की प्रगति जांची गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पर्यटन कार्यों का उद्देश्य न केवल स्थलों का सौंदर्यीकरण है, बल्कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है तथा नुमाइश चौराहे का कार्य शीघ्रता से करने के निर्देश भी दिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी दी कि यदि कार्यों में अनावश्यक देरी पाई गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी लंबित परियोजनाओं को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ,अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरुणिमा श्रीवास्तव, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चोरी की घटना में वांछित दो इनामिया अभियुक्तों के साथ पुलिस मुठभेड़

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**बेनीगंज (हरदोई)।** ०3 जुलाई 2025 भानु प्रताप पुत्र रमेश निवासी ग्राम डूडेला थाना को देहात जनपद हरदोई के द्वारा थाना बेनीगंज पर तहरीर दी गई थी कि थाना बेनीगंज क्षेत्र अंतर्गत इंडस टावर में आर एस कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा थाना बेनीगंज क्षेत्र अंतर्गत जरौवा टावर से बैटरी चोरी कर ली गई है इस संबंध में थाना बेनीगंज पर मुवअवसव 267/25 धारा 305 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया उक्त चोरी घटना के सफल आवरण हेतु पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा टीम गठित कर आवश्यक निर्देश दिए गए थे बीती रात बेनीगंज कोतवाल ओमप्रकाश सरोज अपने पुलिस बल के रात्रि ग्रस्त पर निकले हुए थे तभी मुखबिर के द्वारा सूचना मिली की घटना में संलिप्त दो अभियुक्त मोटरसाइकिल से इकरी मोड होते हुए संडीला मार्ग की तरफ जाने वाले हैं पुलिस टीम द्वारा तत्काल इकरी मोड पर पहुंचकर तत्काल घेरा बन्दी की गई इकरी मोड़ के पास पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना में वांक्षित 25000-25000 के दो इनामियां अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है अभियुक्त मुकेश पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम तुलसीपुर थाना कमलापुर जनपद सीतापुर सूरज पुत्र समरेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम जयपालपुर थाना अटरिया जनपद सीतापुर मुठभेड़ के दौरान अभियुक्तों ने सीधे पुलिस पर फायर कर दी जिससे पुलिस ने अपने आत्मरक्षा में फायर की। फायर मुकेश के पैर में लगी घायल मुकेश को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया साथ ही उनके कब्जे से एक अदद मोटरसाइकिल एक अदद तमंचा 315 बोर दो अदद जिंदा कारातूस पुलिस ने बरामद किया।

बेनीगंज कोतवाल ओमप्रकाश सरोज ने बताया है कि कुछ समय पूर्व बैटरी चोरी के मामले में पंजीकृत मुकदमा के इनामिया दो अभियुक्तों को चोरी के मामले में दबोचा गया है मौके पर पहुंचे हरियावां सीओ अजीत चौहान ने बताया कि प्रसनिक कार्यवाही की जा रही है।

## एलपीएस में किया गया राष्ट्रीय थ्रो बाल प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**माधौगंज (हरदोई)।** थ्रो बाल प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। हरियाणा की टीम ने फाइनल मैच जीता।

थ्रो बॉल कंपटीशन के लिए राजस्थान के जयपुर और झुंझुनू जिलों की टीम तथा हरियाणा से हिसार की टीम व उत्तर प्रदेश से बनारस जौनपुर कानपुर बाराबंकी प्रयागराज और हरदोई की टीम ने प्रतिभाग किया। पहला सेमीफाइनल बनारस और हरियाणा के बीच हुआ जिसमें हरियाणा ने पहला सेट 15. 10 से जीता और दूसरा सेट 15. 3 से जीत कर फाइनल में पहुंची। वहीं दूसरा सेमीफाइनल राजस्थान और प्रयागराज के बीच हुआ इसमें राजस्थान में पहला सेट 15. 13 से तथा दूसरा सेट 15. 4 से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा तथा राजस्थान दोनों टीमों के बीच में मुकाबला हुआ जिसमें हरियाणा की टीम ने दो सेट लगातार जीते इससे पहले सेट में 25-18 से तथा दूसरा सेट 25-22 से जीता। विजयी हरियाणा की टीम को ट्रॉफी के साथ दस हजार रुपए तथा उप विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ पांच हजार की धनराशि प्रदान की गई। विद्यालय के महाप्रबंधक शिखर पाल सिंह तथा सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश थ्रू बल संगठन के अभिषेक पटेल यूथ प्रेसिडेंट भारत भारती अवध प्रांत के वैभव प्रताप सिंह, सत्यम सिंह कनौजिया ने टीमो को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य के के शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया।

# कई दिनों से खड़ा लावारिस ट्रैक्टर

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**माधौगंज (हरदोई)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम संहिजना में नयागांव रोड निकट इंटरलॉकिंग प्लांट एक स्वराज ट्रैक्टर लावारिस दिनांक 12 तारीख रात्रि से खड़ा हुआ है। ट्रैक्टर पर कोई नंबर प्लेट नही लगी थी। जिससे पता चल सके यह किसका ट्रैक्टर है काफी पता करने के बाद भी ट्रैक्टर मालिक का पता नहीं चल सका है। लावारिस हालत में कई दिनों से ट्रैक्टर खड़ा देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष विजय ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर लावारिस टैक्टर को थाना में लाया जा रहा हैं।

## भाजपा नेता ने मांस कारोबार की मुख्यमंत्री से शिकायत की

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव नयन दीक्षित ने शाहाबाद नगर क्षेत्र में अवैध रूप से किया जा रहे हैं गोश्त कारोबार की शिकायत मुख्यमंत्री से करके कारोबार को बंद करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए एक शिकायती पत्र में संयोजक राजीव नयन दीक्षित ने कहा है पिछले काफी दिनों से शाहाबाद में हिंदू भावनाओं को देखते हुए पशुओं को काटने का कार्य प्रतिबंधित कर दिया गया था। लेकिन लाइसेंस धारी मांस विक्रेताओं को राजा कुरैशी नाम का एक कारोबारी बिना लाइसेंस के पुलिस से सांठ-गांठ करके बरेली से लाकर बिक्री कर रहा था। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि तीन दिन से पुलिस से सांठ-गांठ करके उक्त राजा कुरैशी ने अब नगर क्षेत्र के मोहल्ला महमंद में एक बंद पड़े मकान में पशुओं को काटना प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने आशंका जताई है कि उक्त स्थान पर प्रतिबंधित पशुओं को भी काटा जा सकता है। भाजपा नेता ने अवैध रूप से कार्य करने वाले राजा कुरैशी के लाइसेंस की जांच करने और महमंद में चल रहे छोटे इस स्लाटर हाउस को बंद करने के नाम की है।

## धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के लालपुर गांव के रहने वाले युवक ने मंगलीपुर के एक युवक पर आधार कार्ड और सिम नंबर से खाता खुलवाकर फ्रॉड करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र माधौ राम के अनुसार मंगलीपुर गांव के रहने वाले रवि कुमार पुत्र लाल सिंह ने उससे आधार कार्ड और सिम नंबर लेकर इंडियन बैंक की शाहाबाद शाखा में खाता खुलवा दिया। उसके खाते में कई बारइमें 2,45,518 रुपया डाला गया, फिर 1,93, 898 रूपया निकाला गया। सुनील कुमार का आरोप है कि उसके साथ आधार कार्ड और सिम नंबर लेकर फ्रॉड किया गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** महिला ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर टक्कर मारकर घायल करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणी निवासी रमका देवी पत्नी राज बहादुर के अनुसार 13 जनवरी की शाम ०7:00 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी हुई थी। उसी समय पिंसू पुत्र सुनील लापरवाही से ट्रैक्टर चला कर आया और उसके टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गयी। घायल को तत्काल 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पिहानी लाया गया जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिर भी हालत में सुधार नहीं हुआ तो ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर निवासी साइकिल सवार बालक को टक्कर मारकर घायल करने वाले बाइक चालक के विरुद्ध पिता की लिखित तहरीर पर सीओ हरपालपुर के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। पीड़ित पिता के अनुसार 5 जनवरी को उसका दस वर्षीय पुत्र अतुल कुमार साईकिल से सामान लेने जा रहा था। जमालपुर के बिगावा तिराहे पर बाइक चालक थाना क्षेत्र के ग्राम नगला खानपुर निवासी सत्यम पुत्र रामनिवासए अरविन्द पुत्र नन्हे और मुकेश पुत्र सूरज ने लापरवाही से चलाते हुए उसके पुत्र की साईकिल में टक्कर मार दी जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मानवेन्द्र और अवनीश ने उसके पुत्र को उठाया और उसे सूचना दी। पुत्र का गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपियों ने उससे एक सादे कागज पर साइन करवा लिए। पीड़ित पिता की लिखित तहरीर पर सीओ हरपालपुर के आदेश से बेहटा गोकुल पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## दो बच्चों की माँ जेवर नकदी लेकर चम्पत, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गावं से दो बच्चों की माँ ज़ेवर और नगदी लेकर चंपत हो गयी। पीड़ित पति की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पति के अनुसार उसकी 25 वर्षीय पत्नी 13 जनवरी को घर से दवा लेने के लिए कह कर गयी थी। तब से वापस नहीं लौटी है। उसकी पत्नी एक पुत्र और पुत्री को घर पर छोड़कर गयी है। उसने काफ़ी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। घर में देखने पर पता चला उसकी पत्नी अपने साथ करीब तीन लाख रूपए का सोने चांदी का ज़ेवर, 60,000 की नगदी और आर्यावर्त्त ग्रामीण बैंक सिरोमन नगर शाखा की एक एफडी अपने साथ लेकर गयी है। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर लापता महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## गन्ने की किस्मों की पहचान पर गन्ना सर्वे स्टाफ के लिए एक प्रशिक्षण आयोजित किया गया

**हरियावाँ (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** डीसीएम श्रीराम शुगर मिल, यूनिट हरियावां में गन्ने की किस्मों की पहचान पर गन्ना सर्वे स्टाफ के लिए एक



प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आर.एच. टडियावां जेयस्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, हरियावां और आर.एच. सर गेट, आर.एच. हरदोई की उपस्थिति में आयोजित किया। इस प्रोग्राम में गेट, टडियावां हरदोई सभी ज़ोनल हेड, सभी सरकारी सुपरवाइज़र और पूरा फील्ड स्टाफभी मौजूद था। ट्रेनिंग के दौरान, प्रतिभागियों को गन्ने की अलग-अलग किस्मों की पहचान करने के लिए मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया गया, और जमीनी स्तर पर प्रैक्टिकल मार्ग दर्शन जोनल इंचार्ज तिलक सिंह राम सकल और रामलखन द्वारा गन्ना प्रजाति की पहचान पर विधिवत जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गन्ने के सर्वे ऑपरेशन की सटीकता और प्रभावशीलता को बढ़ाने में बहुत फायदेमंद साबित होगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**साण्डी (हरदोई)।** सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू भइया ने स्वामी राम स्वरूप इण्टर कॉलेज कुचिला ब्लाक साण्डी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन में सम्मिलित होकर पूर्व प्रचारक गोविन्द जी भाई साहब का उद्बोधन मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस अवसर प्रधानाचार्य नीरज शुक्ला, विनय सिंह श्रीमऊ, मण्डल अध्यक्ष अजय राजपूत सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रीय सम्मानित जन उपस्थित रहें।

## महंत मोहनी दास के सान्निध्य में ब्रह्मदेव स्थान पर संतों ने चरवा खिचड़ी प्रसाद, परिक्रमा पर हुई चर्चा



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कोथावाँ (हरदोई)।** चौरासी कोसी परिक्रमा क्षेत्र के बसेनध्घनश्याम नगर स्थित ब्रह्मदेव स्थान पर आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर खिचड़ी भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन ब्रह्मदेव स्थान की महंत मोहनी दास द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं संतों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में नैमिषारण्य वेदव्यास पीठाधीश्वर एवं प्रसिद्ध कथा वाचक अनिल शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप से भंडारे में पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। वहीं नैमिषारण्य हनुमानगढ़ी महंत पवन दास ने धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर सहभागिता निभाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महंत मोहनी दास ने सभी संत-महात्माओं एवं आगंतुकों का फूल माला पहना कर चंदन टीका लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण रहा और पूरे परिसर में जयकारों की गूंज सुनाई दी। वहीं स्थानीय जनों के साथ 84 कोसी परिक्रमा मार्गों एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए संतों ने कहा हरदोई जनपद का शासन प्रशासन साधु संतों के लिए अस्थाई व्यवस्थायें करता है, जो आज बढ़ती संतों की संख्या के आगे नाकाफी साबित होता है। भंडारे के आयोजन में महंत मोहनी दास के साथ सुरेश दास भी उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया और दिनभर प्रसाद वितरण का सिलसिला चला। इस दौरान प्रमुख रूप से अमित शुक्ला गुड्डू, अमित द्विवदी, महेंद्र प्रताप सिंह रानू, भगवान दत्त तिवारी, पुनीत मिश्रा, सोनू सिंह, प्रदीप कुमार सिंह,द्रोण कुमार शुक्ला, मोनू सिंह, राहुल मिश्रा पंडित, वेद त्रिपाठी, कमलेश अवस्थी, कमल किशोर तिवार, बीडीसी नीरज तिवारी, उदय नारायण, संतोष द्विवेदी, पीयूष द्विवेदी, आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

## योग शिविर का आयोजन कर कराया गया योगाभ्यास

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** पतंजलि योग समिति हरदोई उ प्र के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह ने बसंत पंचमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में योग शिविर का आयोजन कर योगाभ्यास कराया गया और अंताक्षरी का आयोजन किया गया जिस में भाई-बहनों ने खूब बढ़-चढ़ कर भाग लिया दोनों पार्टियों को बराबर का विजेता घोषित किया गया।

हरिबंश सिंह और उनकी धर्म पत्नी शशिकला सिंह नें दोनों पार्टियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और साधक भाई-बहनों ने अपने योग गुरू हरिबंश सिंह को व उनकी पत्नी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रसाद में तिल के मिष्ठान का वितरण किया गया और भुना हुआ आलू चटनी खिलाया गया। सभी ने भंयकर सर्दी और कोहरा में आकर खूब धूमधाम से मनाया। सभी हार्दिक बधाई सहित बहुत बहुत शुभ कामनायें। उक्त अवसर पर दिलीप कुमार गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, रिन्की गुप्ता, शशी और मनू गुप्ता का आयोजन करने में विषेश सहयोग रहा, रामनरेश गुप्ता ने स्वयं की कविता रचकर काव्य पाठ किया जो बहुत सराहाया गया। उक्त अवसर पर सीमा मिश्रा, कंचन पाण्डेय, ज्योति मिश्रा, रंजना, रजनी वर्मा, रूवी गुप्ता तथा भानुप्रताप सिंह तोमर, पुत्तूलाल वर्मा, नत्थूलाल, दयानाथ, अनुराग पाण्डेय, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, अवधेश कुमार मिश्रा, व्रिजेश शर्मा आदि तथा ऑनलाइन में रत्ना मिश्रा, डाक्टर रोली द्विवेदी, डाक्टर आशा विनोद, प्रभा सिंह, रामजानकी मौर्या, अध्दिका मौर्या, पूनम खन्ना,संतोष गुप्ता, मिथिलेश कुमारी, लोग मौजूद रहे।

## चकमार्ग खाली कराने के लिए मैग्सेसे विजेता ने दिया धरना

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**भरावन (हरदोई)।** क्षेत्र में राजाओं की गढ़ी राजनीति का गढ़ ब्लाक प्रमुख का गांव भरावन ब्लाक की हाई प्रोफाइल ग्रामसभा मांझगांव में सरकारी जमीनों पर गुन्डों का कब्जा है। ऐसी जमीनों को खाली कराने के लिए प्रशासन की लचर व्यवस्था देखकर मैग्सेसे पुरस्कार विजेता सन्दीप पाण्डेय तमाम किसानों के साथ शुक्रवार को धरने पर बैठ गये। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में किसानों ने अपनी दिक्कत का ठीकरा राजस्व विभाग और सरकार पर फोड़ा। कहा कि सरकार भूमाफियाओं से सरकारी जमीनें खाली कराने का आदेश करती है लेकिन यहां के जिम्मेदार अधिकारी उस आदेश को रद्दी की टोकरी का कागज समझते हैं। भू- माफियाओं से मिलकर उनको और सह लेते हैं। जिससे किसान और गरीब कमजोर तबका के लोग परेशान हैं। किसानों की परेशानी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सन्दीप पाण्डेय ने किसानों से शुक्रवार को लालपुर फाटक के जरतोली देवी मन्दिर पर यह बात कहते हुए बताया कि सभी चकरोड यदि प्रशासन खाली नहीं करायेगा तो आगे रणनीति बनाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। किसान श्रवण कुमार दीक्षित ने बताया कि ग्राम पंचायत मांझगांव के चक मार्ग सं 433 सहित क्षेत्र के तमाम चकमार्गों पर गुण्डे और जबरदस्त भूमाफिया लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसको खाली कराने के लिए समाधान दिवस, एसडीएम सण्डीला, जिलाधिकारी हरदोई, मण्डलायुक्त, मुख्यमंत्री, सहित कई चौखटें खटखटायी लेकिन समाधान नहीं हुआ। मजबूरन धरना प्रदर्शन उतरना पड़ा है।

सन्दीप पाण्डेय का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी अभी तक मौके पर आकर बात नहीं सुनी है आगे धरना जारी रहेगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मल्लावाँ, जनपद-हरदोई**

**पत्र सं०: 69/एम0बी0एम0/नामान्तरण/2025-26** **दिनाँक-16.12.2025**

**सार्वजनिक सूचना**

**नामान्तरण (दाखिल खारिज)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मल्लावाँ, के अर्न्तगत **निवासी बड़ा खेल शहर जिला फर्रूखाबाद** के निवासी **श्री अजबर पुत्र भूरा** ने नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र दिनाँक-20.11.2025 को प्रस्तुत किया है, जिसमें मोहल्ला गंगारामपुर मल्लावां में निम्न चौहद्दी के अनुसार बैनामा के आधार पर भूमि क्रय की गई है, जिसकी चौहद्दी निम्नवत है-

**पूरब**- मकान सोनू यादव। **पश्चिम**- मकान राधामोहन।

**उत्तर**- मकान विष्णु कुमार। **दक्षिण**- रास्ता इण्टरलाकिंग छः फिट चौड़ा।

इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि मे दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

(अध्यक्ष)

नगर पालिका परिषद

मल्लावाँ, हरदोई।

## बंगाल में बढ़ता घमासान

पश्चिम बंगाल की राजनीति में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। लगातार ऐसे प्रकरण घटित हो रहे हैं जिनकी वजह से चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दूसरी तरफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ सक्रिय होना बता रहा है कि भाजपा यहां चुनाव जीतने के लिए साम, दाम, दंड, भेद सब कुछ अपना रही है। चुनाव आयोग और ईडी दोनों संवैधानिक संस्थाएं हैं और दोनों की साख तभी कायम रहेगी, जब बिना राजनैतिक दबाव के ये कार्य करती दिखाई दें। लेकिन प. बंगाल में ऐसा नहीं हो रहा है।पिछले हफ्ते ममता बनर्जी की टीएमसी के लिए चुनावी रणनीति बनाने वाली एजेंसी आईपैक के दफ्तर और उसके सहसंस्थापक प्रतीक जैन के घर ईडी ने अचानक दबिश दी। यह छापेमारी कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के सिलसिले में दी गई थी और इसका कोई राजनैतिक मकसद नहीं था, ऐसा तर्क ईडी की तरफ से आया। जबकि टीएमसी का सीधा आरोप है कि यह राजनैतिक बदले की कार्रवाई थी और ईडी के जरिए अमित शाह टीएमसी की रणनीति चुराना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरीके से इस छापेमारी का विरोध किया, इसके खिलाफ रैली निकाली इसकी उम्मीद भाजपा को नहीं रही होगी। ईडी ने पहले कलकत्ता हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में टीएमसी के खिलाफ याचिका दी है कि उसने काम में बाधा डाली और ममता बनर्जी मौके पर आकर एक फाइल लेकर चली गईं। इधर टीएमसी ने भी हाईकोर्ट में याचिका दी थी। पिछले हफ्ते इस पर सुनवाई शुरु हुई, लेकिन भीड़ और हंगामे के कारण चल नहीं पाई। फिर बुधवार को फिर से सुनवाई हुई तो इसमें ईडी और भाजपा को बड़ा झटका लगा है। सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू बार-बार यही अपील करते रहे कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल है, इसलिए उस पर फैसला आने के बाद ही सुनवाई हो। राजू ने इस बात पर भी आपत्ति जाहिर की कि आई पैक की तरफ से अदालत में कोई मौजूद नहीं था। ईडी ने टीएमसी के आरोप खारिज करते हुए यह भी कहा कि उसने कोई दस्तावेज जब्त नहीं किए। सब कुछ ममता बनर्जी और उनके सहयोगी लेकर चले गए। इस पर टीएमसी की तरफ से पेश वकील मेनका गुरुस्वामी ने साफ कहा कि ईडी के इस बयान को दर्ज कर लिया जाए कि छापेमारी के दौरान कुछ भी जब्त नहीं किया गया। यानी भविष्य में अब ईडी किसी दस्तावेज को छापेमारी में बरामद सबूत के तौर पर पेश करना चाहे तो भी यह संभव नहीं होगा। क्योंकि ईडी ने खुद माना है कि उसने कुछ बरामद नहीं किया है। अदालत में टीएमसी ने आरोप लगाया कि ईडी राजनीतिक पार्टी के साथ मिलकर झूठे इल्जाम गढ़ रही है। फिलहाल ईडी की बार-बार अपील के बाद और टीएमसी की तरफ से दी गई दलीलों के बाद याचिका खारिज कर दी गई हैं, अब सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर क्या फैसला आता है, ये देखना होगा। हाईकोर्ट ने कहा है कि अगर ईडी चाहे तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद फिर आ सकती है। यानी जिस उम्मीद से ईडी की छापेमारी आईपैक पर करवाई गई थी और उसके बाद अदालत में भी टीएमसी को घेरने की कोशिश हुई थी, उसमें फिलहाल भाजपा को नाकामी हासिल हुई है। ममता बनर्जी अपने विरोधी को घेरने के लिए सड़क पर उतरना और लोगों को अपने साथ करने की राजनीति खूब जानती हैं। ईडी की छापेमारी प्रकरण ने ममता बनर्जी का ये कौशल भाजपा को याद दिला दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट से अगर टीएमसी के खिलाफ फैसला आएगा, तो भी ममता बनर्जी उसे सहानुभूति के लिए इस्तेमाल कर लेंगी और अगर पक्ष में फैसला आता है, तब तो भाजपा की बड़ी हार तय है। यानी इस समय ममता बनर्जी के लिए चित भी मेरी और पट भी मेरी वाली स्थिति बन चुकी है। इधर एसआईआर पर भी ऐसे-ऐसे खुलासे हो रहे हैं, जिनसे चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। अर्मत्य सेन के बाद जादवपुर विवि के कुलपति को चुनाव आयोग ने पेश होने का नोटिस दिया है। वहीं मंगलवार को बांकुड़ा जिले के खतड़ा में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने एक वाहन जब्त किया, जिसमें एसआईआर के करीब 3,000 फॉर्म-7 भरे हुए थे। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। घटना में दो भाजपा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि फार्म-7 का इस्तेमाल मतदाता सूची में किसी का नाम शामिल किए जाने का विरोध करने या किसी मृत या स्थानांतरित व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए किया जाता है। ममता बनर्जी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में फार्म-7 ले जाने का उद्देश्य वैध मतदाताओं के नाम हटाना था। वहीं भाजपा ने सफाई में कहा कि हमारे बीएलए (बूथ स्तरीय एजेंट) जो बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) को फॉर्म-7 जमा नहीं करा पाए थे, वे उन्हें ईआरओ (चुनाव पंजीकरण अधिकारी) कार्यालय में जमा कराने जा रहे थे। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने हमारे कार्यकर्ताओं पर हमला किया। उनकी पिटाई की और फार्म छीन लिए।

**चुनाव आयोग और ईडी दोनों संवैधानिक संस्थाएं हैं और दोनों की साख तभी कायम रहेगी, जब बिना राजनैतिक दबाव के ये कार्य करती दिखाई दें। लेकिन प. बंगाल में ऐसा नहीं हो रहा है।पिछले हफ्ते ममता बनर्जी की टीएमसी के लिए चुनावी रणनीति बनाने वाली एजेंसी आईपैक के दफ्तर और उसके सहसंस्थापक प्रतीक जैन के घर ईडी ने अचानक दबिश दी। यह छापेमारी कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के सिलसिले में दी गई थी और इसका कोई राजनैतिक मकसद नहीं था, ऐसा तर्क ईडी की तरफ से आया।**

# इस्लामिक साम्राज्यवाद के विरुद्ध उठ खड़ी हुई सभ्यता

प्रणय विक्रम सिंह

ईरान में आज जो घट रहा है, वह किसी एक मुल्क की सियासी हलचल नहीं, यह इतिहास की छाती पर उठती हुई एक सभ्यतागत बगावत है। यह उस पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है, जिसे यह समझा दिया गया था कि मजहबी सत्ता ढांचे हमेशा के लिए समाजों की आत्मा पर कब्जा कर सकते हैं। नहीं, जब किसी कौम की तारीख, तहजीब और इंसानी आजादी को कुचला जाता है, तो इन्कलाब लाजिमी हो जाता है। ईरान आज इस इन्कलाब की अग्रिम चौकी है। दशकों तक जिस इस्लामवादी सत्ता-व्यवस्था ने शरीयत, डर और वैचारिक निगरानी से जिंदगियों को जकड़े रखा, वही आज अपने ही अवाम की जागी हुई चेतना से घिर चुकी है। यह बगावत हमें यह याद दिलाती है कि किसी भी क़ौम का डीएनए मिटाया नहीं जा सकता। ईरान का डीएनए पर्शिया है। साइरस की सहिष्णुता, जरतुस्त्र की नैतिक ज्वाला और अवेस्ता की रूह हर कोने में समाई है। अरब से आई इस्लामवादी सत्ता-रचना ने इस पहचान पर परदे डाले, प्रतीकों को बदला, स्मृतियों को हाशिए पर धकेला मगर उसे बुझा नहीं सकी। आज वही भूली-बिसरी स्मृति फिर दहक रही है। अफगानिस्तान से लेकर मिस्र और यूरोप तक सवाल गूंज रहा है कि क्या मजहबी पहचान सभ्यतागत पहचान से बड़ी हो सकती है? इस्लामवादी साम्राज्यवाद ने पर्शिया को ईरान बनाया और इस बदलाव में केवल नाम नहीं बदला, एक सभ्यता को परदे के पीछे धकेल दिया गया। पर्शिया वह धरती थी जहां नैतिकता, सहिष्णुता और मानवीय गरिमा राज्य-दृष्टि का आधार थीं। सत्ता-रूप में उभरी मजहबी विचारधारा ने इस प्राचीन पहचान को पूर्व-इस्लामी कहकर संदिग्ध बनाया। भाषा बदली, प्रतीक बदले, इतिहास की किताबों से स्मृति छीनी गई। आज ईरान की सड़कों पर उठती आग उसी दबाई गई पर्शियन आत्मा की पुकार है कि हम वही हैं जो थे। हमारी रूह को नाम बदल कर मिटाया नहीं जा सकता। दरअसल, इस्लामी साम्राज्यवाद की बर्बरता उसकी आस्था, उसके सत्ता-रूप में दिखाई देती है। इतिहास गवाह है कि जब 'मजहब' तलवार बनकर सभ्यताओं पर टूटा, तब नगर उजड़े, पुस्तकालय जले, मंदिर-प्रतिमाएं तोड़ी गईं, भाषाएं हाशिये पर डाली गईं और स्त्रियों की देह को नियंत्रण का मैदान बनाया गया। इनके द्वारा विविधता को 'कुफ्र', स्मृति को 'जाहिलियत' और असहमति को 'बगावत' कहकर कुचला गया। इस साम्राज्यवादी विस्तार ने संवाद नहीं, दहशत रची, आस्था नहीं, आज्ञाकारिता मांगी और न्याय नहीं, अधीनता थोपी। इतिहास गवाह है कि 'मजहबी' अंधड़ ने इंसान से उसकी जड़ें, उसकी भाषा, उसकी कला और उसकी गरिमा छीनने की कोशिश की और वहीं से प्रतिरोध की नैतिक जरूरत जन्मी। यहां यह समझना जरूरी है कि इस्लामवाद यानी मजहब का सत्ता-रूप अक्सर सभ्यता से टकराता है। उसकी भाषा द्वैत रचती है 'काफ़िर' और 'मोमिन', 'दारुल-इस्लाम' और 'दारुल-हरब'। इस दृष्टि में स्थानीय परंपराएं, स्त्री की स्वतंत्रता, कला, स्मृति और विविधता संदेह के घेरे में आ जाती हैं। जहां यह वैचारिक कठोरता सत्ता बनती है, वहां इंसान अपनी जड़ों से काटा जाता है। यह धर्म नहीं विचारधारा का कब्जा है। इसीलिए जब ईरान की बेटियां सरे-आम बुर्क़ा जलाती हैं, तो वे कपड़ा नहीं डर और नियंत्रण को आग लगाती हैं। वस्तुतः यह केवल स्त्री-अधिकार का एलान नहीं, यह उस देह पर थोपे गए मजहबी पहरे के खिलाफ खुली बगावत है। तेहरान की यह लपटें काबुल, कराची और गाजा तक जमीरों को झकझोर रही हैं। और जब शेर और अग्नि वाला पुराना फारसी झंडा फिर से उठता है, तो वह अरब-केंद्रित इस्लामवादी पहचान के विरुद्ध सभ्यता की चुनौती बन जाता है। वह तुर्की, मध्य एशिया और उत्तर अफ्रीका तक फैले समाजों को उनकी-उनकी भूली हुई सभ्यताओं की याद दिला रहा है। यह जंग किसी आस्था से नहीं इस्लामवादी अधिनायकवाद से है। यह ऐलान है कि मजहब निजी है, मगर सभ्यता जनता की। और जब कोई मजहबी सत्ता सभ्यता को निगलने बढ़े, तो रहम नहीं बगावत उसका जवाब होती है। ऐसे में आज ईरान केवल एक देश नहीं, एक दर्पण बन चुका है और दुनिया उसके सामने खड़ी दर्शक। इस दर्पण में हर समाज अपनी शक्ल देख सकता है, कहीं दबाई गई स्मृतियां, कहीं कुचली गई अस्मिताएं, कहीं थोपे गए मजहबी पहरे। सवाल यह नहीं कि ईरान में क्या हो रहा है! सवाल यह है कि दुनिया उस प्रतिबिंब को देखकर क्या करेगी? नजर चुराएगी या सच स्वीकार करेगी। क्योंकि जब कोई सभ्यता अपने भीतर झांक लेती है, तब इतिहास दर्शक नहीं रहता, भागीदार बन जाता है। ईरान की यह आग इसलिए महज तेहरान की नहीं यह वैश्विक जमीर की दहकती मशाल है।

**ईरान आज इस इन्कलाब की अग्रिम चौकी है। दशकों तक जिस इस्लामवादी सत्ता-व्यवस्था ने शरीयत, डर और वैचारिक निगरानी से जिंदगियों को जकड़े रखा, वही आज अपने ही अवाम की जागी हुई चेतना से घिर चुकी है। यह बगावत हमें यह याद दिलाती है कि किसी भी क़ौम का डीएनए मिटाया नहीं जा सकता। ईरान का डीएनए पर्शिया है। साइरस की सहिष्णुता, जरतुस्त्र की नैतिक ज्वाला और अवेस्ता की रूह हर कोने में समाई है। अरब से आई इस्लामवादी सत्ता-रचना ने इस पहचान पर परदे डाले, प्रतीकों को बदला, स्मृतियों को हाशिए पर धकेला मगर उसे बुझा नहीं सकी। आज वही भूली-बिसरी स्मृति फिर दहक रही है। अफगानिस्तान से लेकर मिस्र और यूरोप तक सवाल गूंज रहा है कि क्या मजहबी पहचान सभ्यतागत पहचान से बड़ी हो सकती है? इस्लामवादी साम्राज्यवाद ने पर्शिया को ईरान बनाया और इस बदलाव में केवल नाम नहीं बदला, एक सभ्यता को परदे के पीछे धकेल दिया गया। पर्शिया वह धरती थी जहां नैतिकता, सहिष्णुता और मानवीय गरिमा राज्य-दृष्टि का आधार थीं। सत्ता-रूप में उभरी मजहबी विचारधारा ने इस प्राचीन पहचान को पूर्व-इस्लामी कहकर संदिग्ध बनाया। भाषा बदली, प्रतीक बदले, इतिहास की किताबों से स्मृति छीनी गई।**

# ग्रामीण स्कूलों में शिक्षिकाओं की कमी

डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और समानता हमेशा से एक चुनौती रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच, संसाधनों, शिक्षक उपलब्धता और शिक्षा के अवसरों में व्यापक अंतर दिखाई देता है। इस असमानता का सबसे स्पष्ट उदाहरण प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती और लिंग संतुलन में देखा जा सकता है। शहरों के प्राथमिक स्कूलों में अक्सर 10 से 18 शिक्षक तैनात होते हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएं होती हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों में औसतन 3Ş4 शिक्षक ही होते हैं और उनमें से एक भी महिला नहीं होती। यही वह असमानता है, जो न केवल शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित करती है बल्कि समाज में लिंग समानता की दिशा में भी बड़ी बाधा बनती है। भारत में शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50% आरक्षण का प्रावधान है। यह कानून स्पष्ट रूप से महिलाओं को समान अवसर देने की दिशा में उठाया गया कदम है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब भर्ती में आरक्षण है, तो पोस्टिंग में यह क्यों लागू नहीं होता? ग्रामीण क्षेत्र में पुरुष शिक्षकों की तैनाती क्यों अधिक होती है और महिलाओं को वहां सेवा देने के लिए क्यों नहीं प्रोत्साहित किया जाता? इसका उत्तर जटिल है। सबसे पहले, सुरक्षा और सुविधाओं की कमी एक बड़ा कारण है। सुदूर और दूर-दराज के गांवों में रहने की सुविधा सीमित होती है। कई महिला शिक्षक वहां तैनाती के लिए अनिच्छुक रहती हैं। परिवहन की समस्या, सुरक्षित आवास की कमी, सामाजिक और पारिवारिक प्रतिबंध जैसे कारक भी उनके निर्णय को प्रभावित करते हैं। दूसरी ओर, सरकारी नीतियाँ इस असमानता को सीधे संबोधित नहीं करती हैं। भर्ती में आरक्षण को तो लागू किया जाता है, लेकिन पोस्टिंग में 'इच्छा' और सुविधा को प्राथमिकता दी जाती है। परिणामस्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष शिक्षकों की संख्या अधिक रहती है। यही वह दोहरा मापदंड है, जो महिलाओं के समानता के अधिकारों और शिक्षा के मूल सिद्धांत के खिलाफ जाता है। सामाजिक दृष्टि से यह असमानता और भी चिंताजनक है। महिला शिक्षक केवल शैक्षिक कर्तव्य नहीं निभाती हैं; वे बच्चों के लिए रोल मॉडल होती हैं। विशेष रूप से लड़कियों के लिए, महिला शिक्षक शिक्षा में प्रेरणा और विश्वास का स्रोत होती हैं। ग्रामीण स्कूलों में महिला शिक्षकों की अनुपस्थिति का मतलब है कि लड़कियां उच्च शिक्षा और करियर के विकल्पों के प्रति प्रेरित नहीं हो पातीं। इसके अलावा, शिक्षकों की संख्या और लिंग संतुलन का प्रभाव बच्चों की सीखने की क्षमता पर भी पड़ता है। शोधों से पता चलता है कि लिंग संतुलन वाले कक्षा वातावरण में बच्चों की सामाजिक और भावनात्मक विकास बेहतर होता है। वे सहकर्मी सहयोग, समानता की भावना और सामाजिक संवेदनशीलता सीखते हैं। यदि ग्रामीण स्कूलों में केवल पुरुष शिक्षक हैं, तो यह अनुभव बच्चों से छूट जाता है। कानूनी और संवैधानिक दृष्टि से भी यह असमानता चुनौतीपूर्ण है। भारतीय संविधान की धारा 14 और 15 हर नागरिक को समानता का अधिकार देती है और लिंग के आधार पर भेदभाव से बचाती है। भर्ती में 50% आरक्षण तो महिलाओं को समान अवसर देता है, लेकिन पोस्टिंग में इसे नजरअंदाज करना संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है। यह नीति केवल कानूनी रूप से नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी असंगत है। सरकार की इस दोहरी नीति का असर स्पष्ट है। शहरी स्कूलों में महिलाएं भरपूर तैनात हैं, इसलिए 50% आरक्षण दिखाई देता है। वहीं, ग्रामीण स्कूलों में महिला शिक्षकों की कमी, उनके आरक्षण का वास्तविक लाभ न के बराबर कर देती है। यह नीति न केवल ग्रामीण शिक्षा को कमजोर करती है, बल्कि सामाजिक और लैंगिक समानता के मूल सिद्धांत को भी कमजोर करती है। इस असमानता को दूर करने के लिए ठोस कदम जरूरी हैं। महिला शिक्षकों को आकर्षित करने के लिए विशेष भत्ता, सुरक्षित और संरचित आवास, परिवहन सुविधा और स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित की जानी चाहिए। अगर महिलाओं को सुरक्षा और सुविधा मिलेगी, तो वे ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने के लिए अधिक इच्छुक होंगी। भर्ती के साथ-साथ पोस्टिंग नीति में भी महिलाओं का 50% प्रतिनिधित्व अनिवार्य होना चाहिए। इसे लागू करने के लिए सरकार को विशेष निर्देश जारी करने होंगे और तैनाती की निगरानी करनी होगी। स्थानीय समुदाय के सहयोग से महिला शिक्षकों की सेवा को सरल और सुरक्षित बनाया जा सकता है। ग्राम स्तर पर महिला शिक्षकों के लिए सहायता समूह और स्थानीय सुरक्षा नेटवर्क बनाए जा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देने वाली महिला शिक्षिकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और पेशेवर विकास के अवसर सुनिश्चित करने होंगे। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा और ग्रामीण शिक्षा में उनका योगदान बढ़ाएगा। ग्रामीण समाज में महिलाओं के काम करने के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण बदलना आवश्यक है। महिलाओं की शिक्षा और पेशेवर भूमिका को सम्मान और समर्थन मिलना चाहिए। यदि इन कदमों को अपनाया जाए तो न केवल ग्रामीण स्कूलों में महिला शिक्षकों की कमी दूर होगी, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह नीति ग्रामीण शिक्षा में समानता और गुणवत्ता का संदेश भी भेजेगी। भर्ती में आरक्षण का होना पर्याप्त नहीं है। वास्तविक समानता तभी संभव है जब पोस्टिंग में भी लिंग संतुलन और सुविधा आधारित नीति लागू हो। ग्रामीण क्षेत्रों में केवल पुरुष शिक्षकों की उपस्थिति यह स्पष्ट करती है कि आरक्षण का लाभ महिलाओं तक सही मायने में नहीं पहुँच रहा है। अगर हम चाहते हैं कि भारत की शिक्षा प्रणाली सभी बच्चों के लिए समान अवसर और उच्च गुणवत्ता प्रदान करे, तो यह समय है कि सरकार इस असमानता को दूर करने के लिए स्पष्ट और ठोस नीति सुधार करे।

**भारत में शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50% आरक्षण का प्रावधान है। यह कानून स्पष्ट रूप से महिलाओं को समान अवसर देने की दिशा में उठाया गया कदम है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब भर्ती में आरक्षण है, तो पोस्टिंग में यह क्यों लागू नहीं होता? ग्रामीण क्षेत्र में पुरुष शिक्षकों की तैनाती क्यों अधिक होती है और महिलाओं को वहां सेवा देने के लिए क्यों नहीं प्रोत्साहित किया जाता? इसका उत्तर जटिल है। सबसे पहले, सुरक्षा और सुविधाओं की कमी एक बड़ा कारण है। सुदूर और दूर-दराज के गांवों में रहने की सुविधा सीमित होती है। कई महिला शिक्षक वहां तैनाती के लिए अनिच्छुक रहती हैं।**

# आस्था और परंपरा के केंद्र बाबा वैद्यनाथ और वासुकिनाथ

पवन वर्मा

माघ माह की ठंडी सुबह। मकर संक्रांति का दिन। होटल से बाहर निकलते ही यह भ्रम टूट जाता है कि ठंड के कारण भीड़ कम होगी। बाबा वैद्यनाथ धाम की ओर बढ़ते हुए साफ दिखता है कि आस्था मौसम नहीं देखती। मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं का सैलाब है। चारों ओर 'जय बाबा बैद्यनाथ' और 'जय मां पार्वती' के जयकारे गूंज रहे हैं। हवा में ठंड है, सांसों से भाप निकल रही है, लेकिन श्रद्धा की गर्मी हर चेहरे पर साफ दिखाई देती है। कतारें लंबी हैं। लोग जल्दी दर्शन की अभिलाषा में आगे बढ़ रहे हैं। कोई मौन है, कोई जप में लीन, कोई परिवार के साथ आया है तो कोई अकेला। यहां मकर संक्रांति पर आने का अपना अलग भाव है। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि पुण्यकाल माना जाता है। माना जाता है कि माघ में, विशेषकर संक्रांति के दिन किए गए दर्शन और पूजा का फल कई गुना होता है। यही कारण है कि सुबह से ही देवघर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती चली जाती है।

**बाबा और मां पार्वती**: बाबा वैद्यनाथ धाम का परिसर भीतर से जितना भव्य है, उतना ही रहस्यमय भी। यहां बाबा वैद्यनाथ के रुप में देवाधिदेव महादेव और मां पार्वती के मंदिर एक ही परिसर में स्थित हैं। यह सहअस्तित्व केवल स्थापत्य का नहीं, आस्था का भी है। दोनों मंदिरों के शिखरों को लाल डोर से जोड़ा जाता है। यह परंपरा पहली बार देखने वाले हर श्रद्धालु को ठिठका देती है। यह लाल डोर केवल धागा नहीं, बल्कि शिव-शक्ति के अविभाज्य संबंध का प्रतीक मानी जाती है। मंदिर के शिखर पर चढ़कर यह डोर बांधने का कार्य यहां के कुछ चुनिंदा, पारंपरिक लोग करते हैं। वे इतनी सहजता और संतुलन के साथ शिखर पर चढ़ते हैं कि देखने वालों की सांसें अटक जाती हैं। नीचे खड़े श्रद्धालु, जिनकी ओर से यह डोर बंधवाई जाती है, उनकी धड़कनें तेज हो जाती हैं। आंखें लगातार ऊपर टिकी रहती हैं और मन में केवल एक ही प्रार्थना चलती रहती है। मकर संक्रांति के कारण भीड़ अधिक है। ठंड से बचने के लिए श्रद्धालु ऊनी कपड़ों में लिपटे हुए हैं, लेकिन मंदिर के भीतर पहुंचते ही जैसे ठंड का अहसास कम हो जाता है। पूजा-अर्चना के बाद जब बाहर निकलता हूं, तो देवघर की गलियों का जीवन सामने आ जाता है। जीवन, जो परंपरा और रोजमर्रा की जरूरतों के बीच सहज रूप से बह रहा है। देवघर की गलियां, तिलकुट और दही-चूड़ा की परंपरा,मंदिर के आसपास दुकानों की कतारें हैं। प्रसाद, फूल, बेलपत्र, पूजा-सामग्री, सब कुछ। मकर संक्रांति का असर यहां साफ दिखता है। कई दुकानदार छोटी-छोटी अंगीठियों पर तिलकुट बना रहे हैं। अंगीठी की धीमी आंच, कूटे जाते तिल और गुड़ की महक ठंड के बीच अलग ही सुकून देती है। यह कोई भट्टी नहीं है, न ही कोई बड़ा उत्पादन। बस एक छोटी अंगीठी है, जिसके पास बैठा दुकानदार अपने हाथों से तिलकुट तैयार कर रहा है। श्रद्धालु रुक-रुक कर तिलकुट खरीद रहे हैं। यह मकर संक्रांति का स्वाद है। सीधा, सादा और परंपरा से जुड़ा हुआ। इसी बीच बाबा वैद्यनाथ मंदिर के बाहर एक और दृश्य ध्यान खींचता है। कई दुकानों पर कच्चा पोहा रखा हुआ है। हर दुकान पर पोहा दिखता है, लेकिन नाश्ते की किसी भी दुकान पर पोहा बना हुआ नहीं दिखता। वैसा नहीं, जैसा मध्य प्रदेश में बना हुआ पोहा मिलता है। जहां-जहां पोहा रखा है, वहीं पास में मिट्टी की हांडी में दही भी रखा हुआ है। जिज्ञासा होना स्वाभाविक है। एक दुकानदार से पूछने पर पता चलता है कि यह दही-चूड़ा है। पोहे के ऊपर दही डालकर इसे खाया जाता है। दुकानदार बताते हैं कि मकर संक्रांति पर बिहार और झारखंड में दही-चूड़ा खिलाने की परंपरा है। कई बड़े लोग इस दिन दही-चूड़ा का आयोजन भी करते हैं, जिसमें इसे श्रद्धालुओं और मेहमानों को परोसा जाता है। सादा भोजन, लेकिन परंपरा से भरा हुआ। जैसे पूरी तीर्थयात्रा का स्वभाव।

**पेड़ा : यात्रा का स्थायी साथी**: देवघर में पेड़ा हर मौसम में मौजूद रहता है। माघ की ठंड में भी इसकी मांग कम नहीं होती। दुकानदार बताते हैं कि दर्शन के बाद लोग पेड़ा इसलिए लेते हैं, क्योंकि यह घर तक सुरक्षित पहुंच जाता है और प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। यह दिखावे की मिठाई नहीं है। सादा, कम मीठा और टिकाऊ। शायद इसी कारण पेड़ा देवघर की यात्रा का स्थायी साथी बन गया है।

**देवघर से बासुकीनाथ की ओर**: बाबा वैद्यनाथ के दर्शन के बाद अगला पड़ाव तय था...बाबा बासुकिनाथ। ऐसी मान्यता है कि बाबा बैद्यनाथ के दर्शन बाबा बासुकिनाथ के दर्शन के बिना अधूरे माने जाते हैं। इसलिए देवघर से निकलते ही सड़क पर ऐसे श्रद्धालु दिखाई देने लगते हैं, जिनकी मंज़िल एक नहीं, दो मंदिर हैं। शहर पीछे छूटता है और ग्रामीण झारखंड का दृश्य शुरू हो जाता है। खेत, छोटे गांव, सड़क किनारे चाय की दुकानें,सब कुछ यात्रा का हिस्सा बन जाता है।

**घोरमारा : रास्ते का बाजार भी स्वाद भी**: देवघर से बासुकिनाथ जाते हुए घोरमारा आता है। यहां पहुंचते ही सड़क का रंग बदल जाता है। दुकानों की कतारें, मिठाई के डिब्बे, ग्राहकों की आवाजाही। यहां पूरा बाजार पेड़े के नाम से जाना जाता है। यह सचमुच ऐसा गांव है, जहां पूरे बाजार की पहचान पेड़े से बनी है। दुकानदार बताते हैं कि यहां कई परिवार पीढ़ियों से इसी काम में लगे हैं। माघ माह में भी यहां रौनक बनी रहती है, क्योंकि तीर्थयात्रा साल भर चलती है। यह बाजार केवल खरीद-फरोख्त का स्थान नहीं, बल्कि यात्रा का एक ठहराव है। घोरमारा के बाद सड़क शांत हो जाती है। थोड़ी ही देर बाद बासुकिनाथ के संकेत मिलने लगते हैं। मंदिर पहुंचते ही फिर वही परिचित दृश्य। श्रद्धा, कतारें और मंदिर की गंभीर शांति। कई श्रद्धालु मानते हैं कि दोनों धामों के दर्शन के बाद ही मन को संतोष मिलता है।

**आरती का आनंद...**: शाम करीब सात बजे मैं फिर बाबा बैद्यनाथ धाम लौटता हूं। दीपों की रोशनी, धूप की सुगंध और मंत्रोच्चार की लय वातावरण को और गाढ़ा कर देती है। मां पार्वती के मंदिर के चबूतरे से होने वाली संध्या आरती में पांच पंडित परंपरागत क्रम में शामिल होते हैं। कपूर की लौ, आईना दर्शन, मोरपंख की हवा और पान का बीड़ा। हर क्रिया श्रद्धा और मर्यादा में बंधी होती है। आरती के बाद गूंजते जयकारे पूरे दिन की यात्रा को एक सूत्र में बांध देते हैं। मकर संक्रांति की मेरी इस यात्रा में मंदिर, बाजार, अंगीठी, तिलकुट, दही-चूड़ा और पेड़े सब साथ चलते हैं। देवघर से बासुकिनाथ और फिर वापस बाबा के द्वार तक का यह रास्ता बताता है कि तीर्थयात्रा भारत में केवल पूजा नहीं, एक जीवंत जीवन अनुभव है।

**बाबा वैद्यनाथ धाम का परिसर भीतर से जितना भव्य है, उतना ही रहस्यमय भी। यहां बाबा वैद्यनाथ के रुप में देवाधिदेव महादेव और मां पार्वती के मंदिर एक ही परिसर में स्थित हैं। यह सहअस्तित्व केवल स्थापत्य का नहीं, आस्था का भी है। दोनों मंदिरों के शिखरों को लाल डोर से जोड़ा जाता है। यह परंपरा पहली बार देखने वाले हर श्रद्धालु को ठिठका देती है। यह लाल डोर केवल धागा नहीं, बल्कि शिव-शक्ति के अविभाज्य संबंध का प्रतीक मानी जाती है। मंदिर के शिखर पर चढ़कर यह डोर बांधने का कार्य यहां के कुछ चुनिंदा, पारंपरिक लोग करते हैं। वे इतनी सहजता और संतुलन के साथ शिखर पर चढ़ते हैं कि देखने वालों की सांसें अटक जाती हैं। नीचे खड़े श्रद्धालु, जिनकी ओर से यह डोर बंधवाई जाती है, उनकी धड़कनें तेज हो जाती हैं। आंखें लगातार ऊपर टिकी रहती हैं और मन में केवल एक ही प्रार्थना चलती रहती है। मकर संक्रांति के कारण भीड़ अधिक है। ठंड से बचने के लिए श्रद्धालु ऊनी कपड़ों में लिपटे हुए हैं, लेकिन मंदिर के भीतर पहुंचते ही जैसे ठंड का अहसास कम हो जाता है। पूजा-अर्चना के बाद जब बाहर निकलता हूं, तो देवघर की गलियों का जीवन सामने आ जाता है। जीवन, जो परंपरा और रोजमर्रा की जरूरतों के बीच सहज रूप से बह रहा है।**

# सीसीएलएसए की प्रथम वार्षिक बैठक संपन्न

- सरस्वती मेडिकल कॉलेज में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद गतिविधियों को मिली दिशा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नवाबगंज। सरस्वती मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद गतिविधि परिषद की प्रथम वार्षिक बैठक आज सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद की चेयरपर्सन डॉ. सरिता श्रीवास्तव, पूर्व सचिव राष्ट्रीय कथक संस्थान, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ने की।

बैठक में कॉलेज के प्राचार्य प्रो़फ़ेसर आर.एन. श्रीवास्तव सहित सभी समिति सदस्य एवं तीनों उपसमितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में परिषद की तीनों उपसमितियों–सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद–के नामों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सीसीएलएसए का खेलकूद आयोजन ल्लएथलॉनङ्क 21 से 25 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। वहीं 26 जनवरी को पुरस्कार वितरण एवं ध्वजारोहण समारोह आयोजित होगा। ल्लएथलॉनङ्क का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क एवं नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना है।

बैठक में परिषद के प्रमुख सदस्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्रा (प्रो़फ़ेसर, फार्माकोलॉजी विभाग), सदस्य सचिव डॉ. अंजलि गुप्ता (विभागाध्यक्ष, दंत चिकित्सा), डॉ. निधि जोहरी (विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ. श्वेता वर्मा (सहायक प्रो़फ़ेसर, नेत्र रोग), सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. पंकज सिंह (एसोसिएट प्रो़फ़ेसर, शरीर रचना), साहित्यिक समिति प्रभारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव (विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी), खेलकूद समिति प्रभारी डॉ. सतेंद्र यादव (एसोसिएट प्रो़फ़ेसर, शल्य चिकित्सा) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पत्रकारों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन आज

शुक्लागंज। पत्रकारों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा एक निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य शिविर आज सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। प्रेस क्लब के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में पत्रकार साथियों की शुगर, कोलेस्ट्रॉल एवं ब्लड जांच निःशुल्क की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य पत्रकारों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है तथा समय-समय पर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

यह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सरस्वती टॉकीज के सामने स्थित प्रेस क्लब के प्रदेश कार्यालय, शुक्लागंज में आयोजित किया जाएगा। प्रेस क्लब एसोसिएशन ने क्षेत्र के सभी पत्रकार साथियों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं।

## मकर संक्रांति पर ऊगू में खिचड़ी भोज व कन्या भोज का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

फतेहपुर चौरासी। मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में क्षेत्र के कस्बा ऊगू में हर्षोल्लास के साथ खिचड़ी भोज एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऊगू स्थित काली माता मंदिर पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ।

खिचड़ी भोज में नगर एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन सार्वजनिक सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के आयोजन में हर्ष शुक्ला, पप्पू कश्यप, सुनील कश्यप, अंशू कश्यप, विकास कश्यप, सूरज, विशाल तिवारी सहित अन्य स्थानीय लोगों की प्रमुख भूमिका रही।

## 24 से 26 जनवरी तक भव्यता के साथ मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस



उन्नाव। जनपद में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्यता के साथ किया जाएगा। इस संबंध में विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि निराला प्रेक्षागृह में सरकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनियां लगेंगी, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर विभिन्न आयोजन कराए जाएंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन एवं मतदाता जागरूकता दिवस तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा।

## कार की टक्कर से अधिवक्ता की मौत, कार चालक फरार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। थाना कोखराज स्थित राम वन गमन मार्ग स्थित गेरेसा पेट्रोल पंप पर सोमवार को दोपहर लगभग दो बजे पेट्रोल भराने जा रहे बाइक सवार अधिवक्ता की तेज रफ्तार कार की जोरदार टक्कर से मौत हो गयी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे आक्रोशित परिजनों ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मृतक की पहचान सुभाष चंद्र कुशवाहा पुत्र लल्लू उम्र 52 वर्षप निवासी सिंघिया के रूप में हुई है जो पेशे से अधिवक्ता थे। बताया गया कि वह बाइक से पेट्रोल भराने के लिए पेट्रोल पंप जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार प्रदेश मंत्री राष्ट्रीय सनातन सेना भारत (टट्टट्ट) लिखी कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा करते हुए आरोपी कार चालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक पांच भाइयों में दूसरे नम्बर पर रहा तथा मृतक की पत्नी व तीन छोटे बच्चे हैं।

# जिलाधिकारी ने सनी चौराहे पर जाम की समस्या के समाधान के लिए किया स्थलीय निरीक्षण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने सैनी चौराहे पर लगातार बनी रहने वाली जाम की समस्या के समाधान एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू एवं एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चौराहे के आसपास किए गए अतिक्रमण को शीघ्र हटवाने के निर्देश देते हुए कहा कि यातायात अवरोध किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि वाहनों की पार्किंग केवल चिन्हित स्थलों पर ही कराई जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने जल जमाव की निकासी के लिए समाधान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने नगर पालिका परिषद मंझनपुर के सरदार पटेल नगर स्थित साईं राम मंदिर के पास जल-जमाव की समस्या के समाधान के दृष्टिगत मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिभा सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मंझनपुर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जल-जमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नाली का निर्माण आवश्यक है किंतु निर्माण कार्य में कुछ समस्याएं आ रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर जल-जमाव की निकासी के लिए प्रभावी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाय जिससे स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## नशेबाजों की पत्थरबाजी का शिकार बनी मेधावी छात्रा की मौत

शुक्लागंज (उन्नाव)। शुक्लागंज में अराजक तत्वों एवं नशेबाजों के बढ़ते हौसलों ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। मंदिर से दर्शन कर लौट रही एक मेधावी छात्रा नशेबाजों की आपसी पत्थरबाजी का शिकार हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना बीते बुधवार रात लगभग साढ़े आठ बजे की है। कंचननगर (ए) निवासी समीक्षा शुक्ला (24), पुत्री जगतनारायण शुक्ला, अपनी सहेली के साथ गोपनाथपुरम स्थित खाटू श्याम मंदिर से दर्शन कर लौट रही थी। जैसे ही वे सर्वोदयनगर मोड़ के पास पहुंचीं, वहां मौजूद कुछ नशेबाज आपस में झगड़ रहे थे और एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर चला रहे थे।


**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एकमिग यूनिट / जोन | लखनऊ–ए॰जो॰–मण्डल– वाणिज्य / उ॰रे॰ |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | BE-LKO-LKO-Gen-52-25-1 (Banking e-Lobby) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | ADVT-LKO-PFM-OSN-545-25-1 (Advertising On Station Premise (Non Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | PnU-LKO-PFM-WRL-104-24-1 (Pay and Use-Lounge/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | PnU-LKO-PYGS-WRL-79-25-1 (Pay and Use-Lounge/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | MSS-LKO-PRG-MCK-65-24-1 (Misc-Static Services-Digital Mobile Charging Kiosks) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | MSS-LKO-PFM-MedStn-74-24-1 (Misc-Static Services-Medical Facilities at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | MSS-LKO-PFM-THDPK-93-24-2 (Misc-Static Services-Travel Help Desk/Travelers Information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | ADVT-LKO-LKO-OSD-585-25-1 (Advertising-Train On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | ADVT-LKO-BSB-OSD-586-25-1 (Advertising-Train On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | ADVT-SDG-259095-3-26-1 (Advertising-Strips on Door Glass (Entry/Exit) of trains) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | ADVT-SDG-248107-4-26-1 (Advertising-Strips on Door Glass (Entry/Exit) of trains) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं॰/ लॉट सं॰ | ADVT-SDG-221981-3-26-1 (Advertising-Strips on Door Glass (Entry/Exit) of trains) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No:Va VI/LKO DIVI Publicity/CPRO/2025/KKG Dt. 01.2026 156/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता का किया आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज दिनांक 16 जनवरी 2026 को माध्यमिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बांदा में किया गया जिसमें जनपद से आए हुए विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने भाषण, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक /लघु नाटिका में प्रतिभाग किया उक्त प्रतियोगिता मास्टर ट्रेनर /समन्वयक सड़क सुरक्षा डॉ. पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें डॉ. मिश्र द्वारा प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से बताया गया साथ ही विजेता छात्रों के खातों में परिवहन विभाग बांदा द्वारा धनराशि का प्रेषण शीघ्र ही किए जाने की बात कहीं। प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानाचार्य धर्मराज द्वारा सभी प्रतिभागी छात्र /छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया तथा सभी को इस महत्वपूर्ण अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया । भाषण प्रतियोगिता में श्रद्धा गुप्ता कक्षा 10 भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कॉलेज बांदा ने प्रथम स्थान, शिवम राजकीय इंटर कॉलेज बेलगांव कक्षा 10 के छात्र ने द्वितीय स्थान , अंकित यादव आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज बांदा के कक्षा 12 के छात्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । चित्रकला विद्या में पोस्टर प्रतियोगिता के अंतर्गत शिवानी पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बांदा कक्षा 11 की छात्रा ने प्रथम स्थान, अंजू राजकीय इंटर कॉलेज बिलगांव कक्षा 11 की छात्रा ने द्वितीय स्थान, मानसी वर्मा राजकीय हाई स्कूल बड़ोखर बुजुर्ग कक्षा 9 की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बोलेरो और बाईक के आमने सामने की टक्कर में बाईक सवार ससुर की हुई मौत

बांदा। शहर में खरीद दारी करने गए ससुर दामाद घर वापस लौटते वक्त बाईक चला रहे ससुर की सामने से आ रही बोलेरो ने टक्कर मारी जिससे ससुर की मौके पर हुयी मौत और दामाद हुआ घायल जिसको लेकर घर वाले तुरंत मेडिकल कालेज पहुचे और घायल को उपचार कराया लेकिन ससुर के उपचार के दौरान मौत हो गयी। मामला देहात कोतवाली का है जहाँ पर गुरूवार की शाम को बिसंडा थाना के बिलगांव निवासी गंगा राम उम्र 45 वर्ष और लक्ष्मी प्रसाद पुत्र भौरा उम्र 28 वर्ष निवासी महूता थाना अतर्रा दोनों बांदा के लिए खरीददारी करने गए थे जहां पर शाम को लौटते वक्त हथौड़ा गाँव के पास सामने से आ रही बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों बाईक सवार लोग गिर गए और दोनों को गंभीर चोटें आई और राहगीरों ने तुरंत घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज लेकर गए जहां पर गंगा राम की उपचार के दौरान ही मौत हो गयी।

# शहर के विभिन्न स्कूलों में जाकर स्कूली वाहनों की फिटनेस को किया गया चेक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन के पत्र से दिनांक 31दिसम्बर2025 द्वारा1जनवरी 2026 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के सोलहवें दिवस श्री श्याम लाल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बाँदा एवं वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्री / मालकर अधिकारी, बाँदा द्वारा अनफिट स्कूली वाहनों की चेकिंग हेतु विशेष अभियान के अन्तर्गत विद्यावती निगम मेमोरियल स्कूल व सेंट जेवियर्स स्कूल में जाकर स्कूली वाहनों की फिटनेस को चेक किया गया, सभी स्कूली बसें फिट पायी गयी। उक्त के अतिरिक्त जनपद के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 45 बिना हेलमेट, 13 बिना सीटबेल्ट सहित अन्य अभियोगों में कुल 67 चालान किये गये साथ ही मार्ग प्रयोक्ताओं को पम्पलेट वितरित करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया।

# सरकार हिन्दू मुस्लिम न करें, जाति-पाति न करें केवल बेरोजगारी हटायें : धीरेन्द्र शास्त्री

- शराब सस्ती है और शिक्षा महंगी है और सरकार अध्यापकों के बेटे और बेटियाँ भी उसी स्कूल में पढ़े

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





बांदा। हनुमान कथा के पहले दिन कथा वाचक धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा कहा गया की सरकार हिन्दू मुस्लिम और जाति पाति न करे और साथ में सरकार यह भी ध्यान दें की जहां पर शराब सस्ती किये हुए हैं और शिक्षा को महंगी किये हुए हैं जो की बहुत ही गलत बात है वही इसी के साथ में यह भी कहा की यह दुर्भाग्य है की बांदा जिले के लोग पलायन कर रहे हैं जो की बहुत ही गलत बात है आने वाले समय में सकरा ऐसा करें की बांदा से लोग न जाएँ बल्कि रोजगार के लिए लोग इसी जिले में आयें ॰ वही 2027 तक बुंदेलखंड में कैंसर अस्पताल बन जाएगा जिसका शुभारम्भ करने खुद प्रधानमंत्री आयेंगे क्योंकि हर जगहों पर अस्पतालों में मंदिर बने हुए हैं लेकिन यह बुन्द्फ़ेल्खंड में पहली बार होगा की एक मंदी में अस्पताल बनेगा जिससे पूरे बुन्देलखंड के लोगों को कैसर से पीड़ित होकर कहीं जाना नही होगा वो सभी लोह यही पर अपना उपचार करायेंगे।

वहीं सरकार यह भी करें की जिस सरकारी स्कूलों में केवल गरीब लोगों के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं अगर सरकार जो शिक्षक जिस स्कूल में तैनात है वो उसी स्कूल में अपने बच्चों को शिक्षण ग्रहण कराये जिससे स्कूल की खिचडी उन्ही अध्यापको के बच्चे भी खांयें न की वो चाउमीन बरगर बाहर का खाएं ॰ जिस किसी को हिन्दू से परहेज है तो फिर वो मंदिर क्यों जाएँ अगर उनको हमारे यहाँ आने से परहेज है तो हमारी कथा को अपने घर पर सुने ॰ वहीँ यह भी कहा की सरकार भले ही दो बच्चों का प्लान लागू किये हैं लेकिन मई तो कहता हू की आप हिन्दू लोग भी अपने चार चार बच्चे करें जिससे हिन्दू राष्ट्र बनाए जाने में मदद हो वहीं अगर ऐसा नही हुआ तो जल्द ही बांगलादेश जैसा हाल भारत में भी होगा ॰ हमारे हिन्दुओं के बच्चे जावेद और आवेद न पढ़े वो केवल वेड ही पढ़े इसमे कौन सी गलत बात है ॰ और नेताओं के बयान पर हम किसी भी प्रकार का कोई बयान नही करना चाहते हैं क्योंकि हमें कोई नेता नही बनना है।

### भारत को उन्ही लोगों ने बिगाड़ा है जिनको गुरुकुल की पद्यति से दिक्कत है : धीरेन्द्र शास्त्री

वही पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने प्रेस वार्ता में साफ़ साफ़ कहा है की भारत को उन्ही लोगों ने बिगाड़ा है जिनकों गुरुकुल पद्यति से समस्या हो रही है इसी लिए सरकार को सभी जिलो में एक एक वैदिक गुरुकुल की स्थापना करनी चाहिए हमने तो इसकी शुरुवात कर दी है क्योंकि हमने कैंसर अस्पताल की स्थापना कर दी है और प्रत्यके वर्ष मैं हिन्दुओं की बेटियों का विवाह अपने खर्चे करवाता हूँ यही सबसे बड़ी बात है वहीं जल्द ही मेरे द्वारा एक वैदिक गुरुकुल भी खोला जा रहा है ॰ वही देश के एक एक नेता को एक एक जिला गोद लेकर उस जिले में मुफ्त का अस्पताल खोला जाना चाहिए जिससे लोगों का मुफ्त में इलाज हो सके ॰

### लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ कोई पैदल आ रहा है तो कोई रायपुर से आ रहा है

जिले में कथा के प्रथम दिन ही हजारों की तादाद में भीड़ एकत्रित होकर ओंडित धीरेन्द्र शास्त्री से मिलने के लिए चार चार किलो मीटर से दूर पैदल चल कर आ रहे हैं यही नही कयी श्रद्धालु तो ऐसे हैं की वो छतीसगढ़ के रायपुर,बिलासपुर,राजस्थान,पंजाब,दिल्ली और भी कयी प्रदेशों से लोग दो दिन पहले यहाँ पर आ गए हैं जिसको लेकर लोग कहीं होटल में रुके हैं तो कही बागेश्वर सरकार के दर्शन के लिए परेशान है ॰ वहीं जिला प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारियों के साथ श्रद्धालुओं और भीड़ को सामंजस्य बनाने के लिए कयी पुलिस फ़ोर्स एकत्रित है जिसको लेकर जिला प्रशासन अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही है।

### कथा में देर से शुरू होने पर भक्त होते रहे परेशान

वही कथा का प्रारम्भ होने का समय दोपहर 1 बजे का था लेकिन पंडित धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा कथा स्थल पर दोपहर 3 बजे पहुचने पर भक्त परेशान होते रहे की आज हमें दर्शन हो पायेंगे या नही जिसको लेकर श्रद्धालुओं ने अपनी बैठने की व्यवस्था को लेकर स्थान को पहले से ही चिन्हित कर रखा था और जैसे ही धीरेन्द्र शास्त्री कथा पंडाल पर पहुचे तो श्रद्धालुओं ने जय कारे लगाने शुरू कर दिए हैं और लोगों में कथा वाचक धीरेन्द्र शास्त्री को देखने के लिए व्याकुल थे लेकियन जैसे ही सामने आये तो लोगों के चेहरों में मुस्कान सी आ गयी थी।

# नगर पालिका आपके द्वार अभियान, 406 पंजीकरण

- समस्याओं के शत-प्रतिशत निस्तारण का आश्वासन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में आयोजित नगर पालिका आपके द्वार अभियान के कैम्प के अंतिम दिवस कुल 406 पंजीकरण किए गए। नगर पालिका प्रांगण में आयोजित इस कैम्प में नगरवासियों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु पंजीकरण कराया। कैम्प में वृद्धावस्था पेंशन के 39 पंजीकरण हुए, जिनमें 31 लोगों की पेंशन पूर्व से रुकी हुई थी, जबकि 8 नए पंजीकरण किए गए। राशन कार्ड से संबंधित 221 पंजीकरण हुए, जिनमें 209 कार्डधारकों ने यूनिट बढ़वाने के लिए तथा 12 लोगों ने नए कार्ड के लिए आवेदन किया। विद्युत विभाग से संबंधित 3 पंजीकरण किए गए, जिनमें 1 स्मार्ट मीटर रीडिंग तथा 2 बिल बढ़ोत्तरी से जुड़े मामले रहे। इसके अतिरिक्त दिव्यांग पेंशन के 2, विधवा पेंशन के 7 पंजीकरण किए गए। नगर पालिका परिषद से संबंधित जन्म प्रमाण पत्र के 33 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही नए मतदाता बनने के लिए 103 फार्म भी वितरित किए गए।

कैम्प में उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि अब तक आयोजित सभी कैम्पों में पंजीकृत समस्याओं का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर सभासद नानक चन्द्र वर्मा, इजरान, राजेश पटेल, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, हरिओम वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, एसआई संदीप वर्मा, जेई अनिल कुमार यादव, जेई आदर्श मिश्रा, श्रवण कुमार मिश्रा, अंकित गुप्ता, अशोक मिश्रा, विजय कुमार, प्रदीप कुमार, अनुज अवस्थी, विमलेश वर्मा सहित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से विकास वर्मा, जिला समाज कल्याण विभाग से अंकित सिंह, खाद्य एवं रसद विभाग से अजय कुमार व आनंद कुमार, प्रोवेशन कार्यालय लखीमपुर से रामकुमार वर्मा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, नगर महामंत्री राजेश राठौर, शत्रोहन मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पीलीभीत से अयोध्या धाम के लिए निकली चौथी पदयात्रा, गोला में हुआ भव्य स्वागत



गोला गोकर्णनाथ खीरी। पीलीभीत से श्री अयोध्या धाम के लिए लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तय करने निकले श्रीराम नगर कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार शर्मा का नगर गोला आगमन पर विकास चौराहा पर भावभीना स्वागत किया गया। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 14 जनवरी को अपनी चौथी पदयात्रा प्रारंभ करने वाले दिनेश कुमार शर्मा ने तीसरे दिन करीब 100 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर दोपहर लगभग 3 बजे छोटी काशी गोला के विकास चौराहे पर पहुंचकर विश्राम किया। इस दौरान उनकी भेंट बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों से हुई। मौके पर बजरंग दल के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत करते हुए यात्रा की सफलता की कामना की। दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि रात्रि विश्राम नीलकंठ मैदान तीर्थ स्थल पर रहेगा।

**घोसियाना रोड पर सीडीओ का सख्त एक्शन**

# अतिक्रमण हटाने और नाली निर्माण पर खास फोकस

- बीच सड़क खड़े बिजली पोल हटाने के निर्देश, नाली निर्माण में तेजी और गुणवत्ता पर जोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। घोसियाना रोड पर चल रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति और अतिक्रमण हटाने की प्रगति जानने के लिए सीडीओ अभिषेक कुमार शुक्रवार को अचानक मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क के बीच खड़े विद्युत पोल और निर्माण में बाधा बने अतिक्रमणों को देखा और तुरंत हटाने के निर्देश दिए। साथ ही नाली निर्माण कार्य पर विशेष फोकस रखने और इसे तेजी के साथ निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश भी जारी किए। सीडीओ ने अधिशासी अभियंता (विद्युत) को साफ शब्दों में कहा कि पोल शिफ्टिंग में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को रफ्तार देते हुए तय समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए, ताकि आमजन को जल्द राहत मिल सके। उन्होंने सड़क और नाली निर्माण की प्रगति की बारीकी से समीक्षा करते हुए जरूरी सुधार के निर्देश भी दिए।

सीडीओ ने मौजूद अधिकारियों से कार्य की स्थिति पूछी और समन्वय बनाकर काम करने पर जोर दिया। सीडीओ ने स्थानीय नागरिकों से भी संवाद करते हुए अपील की कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग करें। सड़क निर्माण पूरा होते ही क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और लोगों को सुगम, सुरक्षित और बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के समय एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, पीडी (डीआरडीए) सोमनाथ चौरसिया, अधिशासी अभियंता (विद्युत) शैलेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एनएच-730 फरधान टोल पर अवैध वसूली का आरोप



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोलाऽलखीमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-730 स्थित फरधान टोल प्लाजा पर कथित अवैध टोल वसूली तथा लखनऊऽबाराबंकी मार्ग के हैदरगढ़ टोल प्लाजा के ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के.के. शुक्ला एडवोकेट के नेतृत्व में सौंपा गया।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि एनएच-730 पर टोल वसूली की जा रही है, जबकि हाईवे का कार्य अभी अधूरा है। निर्माणाधीन ओवरब्रिज असुरक्षित स्थिति में है, कई स्थानों पर निर्माण सामग्री पड़ी हुई है और साइड सेफ्टी से जुड़े कार्य भी पूर्ण नहीं हुए हैं। ऐसे में सड़क के पूर्ण और सुरक्षित न होने के बावजूद टोल वसूली को अवैध बताया गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस संबंध में पूर्व में भी विभिन्न संगठनों द्वारा सक्षम अधिकारियों से शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके साथ ही ज्ञापन में लखनऊऽबाराबंकी मार्ग पर स्थित हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर अधिवक्ता बंधुओं के साथ मारपीट एवं जानलेवा हमले की घटना का उल्लेख करते हुए कड़ा विरोध जताया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस घटना से प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है और संबंधित टोल प्लाजा के ठेकेदार का लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाना आवश्यक है। अधिवक्ताओं ने आशा व्यक्त की कि प्रस्तुत प्रत्यावेदन पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए अवैध टोल वसूली पर रोक लगाई जाएगी तथा हैदरगढ़ टोल प्लाजा प्रकरण में कठोर कदम उठाकर अधिवक्ताओं के आक्रोश को शांत किया जाएगा।

## ऑनलाइन शिकायत पर गोला पुलिस पर अनदेखी का आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। केशवापुर गोला थाना क्षेत्र के ग्राम करमुल्हापुर निवासी मीना कुमारी ने अपने प्लॉट पर दबंगों द्वारा किए जा रहे कथित अवैध कब्जे को लेकर मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर गृह एवं गोपन विभाग के अंतर्गत ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक इस मामले में गोला पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़िता का आरोप है कि शकायत दर्ज किए जाने के बावजूद पुलिस ने संज्ञान नहीं लिया। उसे आशंका है कि पुलिस विपक्षियों से मिलीभगत कर मनगढ़ंत रिपोर्ट भेज सकती है। पीड़िता ने बताया कि दबंग लोग उसे अपने ही प्लॉट पर आने से रोक रहे हैं और लगातार जानमाल की धमकियां दे रहे हैं, जिससे वह भयभीत है। पीड़िता ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध कब्जा हटवाया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि उसे न्याय मिल सके।

# बसंतकालीन गन्ना बुआई अभियान के तहत कृषक गोष्ठी आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की चीनी मिल गोला के मिल गेट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भल्लिया बुजुर्ग में बसंतकालीन गन्ना बुआई अभियान के तहत एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मिल पारिक्षेत्र के लगभग 156 कृषकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान शाहजहाँपुर के सहायक निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.के. कपिल, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, चीनी मिल के वरिष्ठ महा प्रबंधक (गन्ना) पी.एस. चतुर्वेदी सहित गन्ना विभाग एवं मिल के अधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए गन्ना संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. पी.के. कपिल ने बसंतकालीन गन्ना उत्पादन तकनीक, पेड़ी प्रबंधन, संतुलित उर्वरक प्रयोग, स्वीकृत किस्मों का चयन, बीज परिवर्तन, रिंग पिट बुआई तथा गन्ना फसल सुरक्षा प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने विभागीय योजनाओं एवं उनमें देय अनुदान, बसंतकालीन बुआई में आवश्यक सावधानियां, अनुशंसित प्रजातियां, ड्रिप सिंचाई, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सीडलिंग रोपण के लाभ, तथा फार्म मशीनरी बैंक से किफायती दरों पर यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही समिति द्वारा उपलब्ध नैनो यूरिया एवं अन्य कृषि दवाइयों के विषय में भी बताया।

इस अवसर पर वरिष्ठ महा प्रबंधक गन्ना पी.एस. चतुर्वेदी ने कृषकों से अधिक उत्पादन के लिए उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0 0118, को0 15023, कोशा0 13235, कोलख0 14201 तथा जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए को0 98014 एवं कोलख0 94184 को अपनाकर ट्रेंच विधि से बुआई करने की अपील की। उन्होंने बताया कि गन्ने के ऊपरी एक-तिहाई भाग का जमाव अच्छा होता है, इसलिए उसी भाग को बीज के रूप में प्रयोग करें तथा शेष भाग को मिल में आपूर्ति करें।

उन्होंने पेड़ी गन्ने की बेहतर उपज के लिए कटाई के तुरंत बाद सिंचाई कर 75 किलोग्राम यूरिया प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करने की सलाह दी। साथ ही बताया कि चीनी मिल द्वारा बीज, ट्राइकोडर्मा (मृदा उपचार) एवं फफूंदनाशक थायोफिनेट मिथाइल कृषकों को अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 06.02.2026 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा से मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 निविदा सूचना संख्या | 00402026 दिनांक 15.01.2026 |
| 2 निविदा संख्या : 30-S-DEN-I-LKO-2025-26 | |
| 3 कार्य का नाम : स्टेशन के प्रमुख पुनर्विकास के तहत लखनऊ (चारबाग) रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1,2,7,8,9 एवं एमआर 1 एवं 2 लाइनों पर गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान। | |
| 4 अनुमानित लागत : रु. 34,96,22,214.16 | |
| 5 धरोहर राशि : रु. 18,98,100.00/- | |
| 6 कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से (12) बारह माह। | |
| 7 निविदा खोलने की प्रारंभ तिथि | 23.01.2026 |
| 8 निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 06.02.2026 at 15:00 hrs. | |
| 9 वेबसाईट : www.ireps.gov.in | |

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 158/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बीआरसी भवन में शिक्षकों की मासिक बैठक आयोजित

- डीबीटी राशि के उपयोग पर दिए गए निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मितौली खीरी। वर्ष 2013 में मितौली तहसील स्वीकृत होने के उपरांत तहसील संचालन के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा बीआरसी भवन को अधिग्रहित कर लिया गया था। तब से बीआरसी कार्यालय पंचायत भवन मितौली में संचालित हो रहा था। बीआरसी भवन विभाग को पुनः प्राप्त होने के बाद शुक्रवार 16 जनवरी 2026 को बीआरसी भवन में शिक्षकों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भगवान राव, खंड शिक्षा अधिकारी मितौली ने की। बैठक में विकास क्षेत्र मितौली के समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बैठक में विभिन्न शैक्षिक बिंदुओं पर चर्चा की गई। विशेष रूप से डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से प्राप्त धनराशि से विद्यार्थियों के लिए स्वेटर, जूते-मोजे एवं ड्रेस क्रय किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि डीबीटी राशि का उपयोग पारदर्शिता एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए, जिससे बच्चों को समय पर लाभ मिल सके। बैठक में जमाल अहमद, राजेश गुप्ता, रामनिवास वर्मा, सुधीर वर्मा, अजित वर्मा, गणेश शंकर वर्मा, मुनेश कुमार, सलीम अहमद, आशीष अवस्थी, अजय हंस, हकीक खान, विश्वनाथ शुक्ला, लक्ष्मीकांत, रामपाल सहित बीआरसी कार्यालय का समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के शिक्षक उपस्थित रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026: मतदाता सूची में नाम जांचें

- 6 फरवरी तक दावे व आपत्तियां दर्ज कराएं
- चार दिन चलेगा मेगा अभियान, हर बूथ पर बनेगी हेल्प डेस्क

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षणऽ2026 कार्यक्रम को गति दी गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयोग ने जिले में चार विशेष मेगा अभियान दिवस तय किए हैं। यह अभियान 17 व 18 जनवरी तथा 31 जनवरी व 1 फरवरी को जिले के सभी पदाभिहित स्थलों पर चलाया जाएगा। इन तिथियों पर प्रत्येक मतदान केंद्र पर आवश्यक स्टाफ की तैनाती के साथ पदाभिहित अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। विशेष अभियान के दौरान हर बूथ पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां मतदाताओं को आवेदन फार्म भरने में सहायता दी जाएगी। फार्मऽ6, 6ए, 7 व 8 (घोषणा-पत्र सहित) पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेंगे। प्राप्त सभी दावे और आपत्तियों का सुव्यवस्थित अभिलेखीकरण किया जाएगा, ताकि निरीक्षण के समय तत्काल प्रस्तुत किया जा सके। साथ ही मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को भी अभियान तिथियों से अवगत कराते हुए सहयोग लिया जाएगा। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (क्टग) व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (इक्टग) स्वयं पदाभिहित स्थलों का भ्रमण करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि कोई भी बूथ छूटने न पाए। इसके अंतर्गत 18 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर आलेख्य निर्वाचक नामावली का वाचन करेंगे। साथ ही बीएलओ के पास अप्राप्त (ठद्धदधद्यद्रदपथ्थद्ध), अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भी उपलब्ध रहेगी।

निगरानी व्यवस्था के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी 5 बूथों तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी 10 बूथों का निरीक्षण करेंगे। वहीं क्टग और इक्टग अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के 10 प्रतिशत मतदान केंद्रों का भ्रमण करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट

पथ्पद्न्प.द्दद्ध.द्यफ.द्बद्ध अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांचें और आवश्यकता होने पर निर्धारित फार्म भरकर समय से आवेदन करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MFKA-MX-149-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.01.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 155/2026

# रेलवे की सख्ती, अतिक्रमण हटाओ अभियान में ध्वस्त हुए पक्के मकान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शुक्लागंज। गंगाघाट रेलवे स्टेशन के कायाकल्प एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विस्तार कार्य ने गति पकड़ ली है। इसी क्रम में शुक्रवार को रेलवे प्रशासन द्वारा भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पुराने यातायात पुल चौराहे के सामने स्थित राजीव नगर खंती क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

रेलवे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता कार्य एवं लाइन शिव कुमार गुप्ता के निर्देश पर करीब बीस दिन पूर्व ही संबंधित मकानों पर नोटिस चस्पा किए गए थे। नोटिस में स्पष्ट किया गया था कि रेलवे की अधिग्रहित भूमि पर बने अवैध निर्माण स्वयं हटा लें, अन्यथा 16 जनवरी को बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अतिक्रमण न हटाए जाने पर शुक्रवार सुबह आरपीएफ निरीक्षक हरीश कुमार के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल, सरकारी रेलवे पुलिस एवं स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पोकलैंड मशीन और बुलडोजर से करीब आठ पक्के मकानों को ध्वस्त कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान कई लोग स्वयं ही अपने निर्माण हटाने में जुट गए और घरों का सामान सुरक्षित स्थानों पर ले जाते दिखाई दिए। रेलवे की इस कार्रवाई से कई परिवारों के सिर से छत छिन गई।

## दुष्कर्म का आरोपित अफान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में सुमेरपुर थानाध्यक्ष ने रेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने वाले मुख्य आरोपित पर पुलिस पर हमला करने का मुकदमा दर्ज कराया है। सुमेरपुर थानाध्यक्ष अनूप सिंह द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि रेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने वाले आरोपित को जिस समय देवगांव मार्ग में गिरफ्तार किया गया, उसी समय उसने बताया कि पुराने डम्प के पास अवैध तमंचा छिपाकर रखा हुआ है। तमंचा बरामद करते समय उसने मेरे ऊपर फायर झोक दिया। गोली कान के बगल से निकल गई। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे अवैध तमंचा 315 बोर एक अदद कारतूस के साथ मौके से दबोचा गया। थानाध्यक्ष की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सरकार हर घर नल योजना ला रही है और यहाँ लोग 15 दिनों से पानी के लिए तरसे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। जब जल शक्ति मंत्री के ही क्षेत्र में लोग एक एक बूंद के लिए तरस रहे हो तो फिर कैसे दावा कर सकते हैं की हर घर नल और हर घर जल पहुचाया गया है क्योंकि जिलें में जिस विधान सभा के विधायक है और उसी मंत्रालय के मंत्री भी है लेकिन अपने ही लोगों को पानी नही दिला पा रहे हैं मंत्री और दावा आकार रहे हैं की हर घर में पानी पंहुच रहा है ॰ जसपुरा विकासखंड के अंतर्गत नमामि गंगे के तहत सरकार ने पानी के लिए पाइपलाइन व टंकी तो बना दी लेकिन सभी शोपीस बने हुए हैं गांव में कई जगह से पाइपलाइन लीकेज है लोगों तक पानी नहीं पहुंच रहा और सड़क खुदी हुई पड़ी है ज्यादातर लोगों ने आरोप लगाया कि इसमें लापरवाही जेई रमेश कुमार गुप्ता व अवस्थी ट्यूबवेल कंपनी के प्रोपराइटर राजू उपाध्याय जो ठेकेदार है जिन्होंने पाइपलाइन तो डाल दी लेकिन बार-बार लीकेज की समस्या और पानी लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा। जसपुरा कस्बे के मुहल्ले खेरेपर निवासी संजय सिंह अमित सिंह शिवम सिद्ध गोपाल विजय राजेश बृजेश आदि ग्रामीणों का आरोप है कि 15 दिनों से बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं जिसकी शिकायत भी कई बार जल संस्थान से लेकर 1076 व मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी किया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। संजय सिंह ने बताया कि मोहल्ले में लोगों को 15 दिन से पानी नहीं मिल पा रहा जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।

**भारतीय रेल**

**"सार्वजनिक सूचना"**

रेलवे एवं परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज ए. सी. सिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या उसके पास नहीं जाएगा।

| सेक्शन (खंड) | मण्डल (डिवीजन) | दिनांक |
|---|---|---|
| लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे के अंतर्गत शाहगंज स्टेशन पर लाइन संख्या 1, 2 एवं 3 का विद्युतीकरण- स्थान किमी SHG/61A एवं SHG/62A (चैनज 863/941.000) से किमी SHG/1032 (चैनज 862/460.000) तक, संबद्ध टर्नआउट एवं क्रॉसओवर सहित | लखनऊ | 29.01.2026 |

**उत्तर रेलवे**

**के वी ट्रैक्शन लाइन का आरंभ 25 सड़क "उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना"**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड "लखनऊ मण्डल, उत्तर रेलवे के अंतर्गत शाहगंज स्टेशन पर लाइन संख्या 1, 2 एवं 3 का विद्युतीकरण-स्थान: किमी SHG/61A एवं SHG/62A (चैनज 863/941.000) से किमी SHG/1032 (चैनज 862/460.000) तक, संबद्ध टर्नआउट एवं क्रॉसओवर सहित" पर 25 केवी विद्युत ट्रैक्शन का शुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाइट गेज का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई 4.78 मीटर पर अत्यधिक ऊंचाई वाले की ट्रैक्शन लाइन (कांटेक्ट तार), जो की समपार फाटक पर रेल लेवल 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो, से खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है।

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मालित वाहनों के लिए उपर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ भार हाइट गेज में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।

अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे हैं:-

1. हाइट गेज को नुकसान और तत्पश्चात सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को खतरा।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को खतरा।

सं.: 126/Elect/C/Dy.CEE/LKO/Warning/01 दिनांक: 09.01.2026 157/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अंडर-19 विश्व कप: बांग्लादेश के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत

एजेंसी

बुलावायो। पहले मैच में आत्मविश्वास से भरी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम शनिवार को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश की कड़ी चुनौती के बावजूद जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। पांच बार की चैंपियन भारत ने बारिश से प्रभावित मैच में अमेरिका को केवल 107 रन पर आउट करके छह विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने सात ओवरों में 16 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। उसके बल्लेबाज बांग्लादेश के खिलाफ क्रीज पर लंबा समय बिताने की उम्मीद करेंगे क्योंकि अमेरिका के खिलाफ उन्हें खेलने का पर्याप्त मौका नहीं मिला। बांग्लादेश को कमजोर नहीं आंका जा सकता है और उसकी टीम आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकती है। म्हात्रे और 14 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी एक बार फिर उप कप्तान विहान मल्होत्रा, ऑलराउंडर आरोन जॉर्ज और वेदांत त्रिवेदी और विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडु के साथ मिलकर बल्लेबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे। डी दीपेश, आरएस अंबरीश, हेनिल पटेल, किशन कुमार



सिंह और उद्धव मोहन के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प हैं, जबकि कनिष्क चौहान, खिलन पटेल और मोहम्मद एनान जैसे खिलाड़ी स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह टूर्नामेंट 1988 में शुरू हुआ था और भारतीय टीम ने इसमें अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले एक साल में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला जीतने से लेकर टीम ने अब तक हर प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया है। अमेरिका के खिलाफ जीत पिछले 17 मैचों में भारत की 14वीं जीत थी। टीम को भरोसा है कि वह अपने अगले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भी इस बेहतरीन फॉर्म को बरकरार रखेगी। जहां तक बांग्लादेश की बात है तो उसके पास कप्तान अजीजुल हकीम के रूप में अनुभवी खिलाड़ी हैं। जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में उनके नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। हकीम उप कप्तान ज़ावद अबरार के साथ बांग्लादेश की बल्लेबाजी की अगुवाई करेंगे। अंडर-19 स्तर पर दोनों बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 2024 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। बांग्लादेश के पास एक अन्य बल्लेबाज कलाम सिद्दीकी भी है जिन्होंने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है। बांग्लादेश के पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण भी है। उसके तेज गेंदबाज इकबाल हुसैन और अल फहद को जिम्बाब्वे की तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भरपूर सहयोग मिलने की उम्मीद है।

# प्रज्ञानंनंदा विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करते हैं, तो चेन्नई कर सकता है मेजबानी: आनंद

एजेंसी

जयपुर। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के उपाध्यक्ष और भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद का मानना है कि अगर आर प्रज्ञानंदा कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर मौजूदा चैंपियन और हमवतन डी गुकेश को चुनौती देते हैं तो इस साल की विश्व चैंपियनशिप चेन्नई में हो सकती है। बीस वर्षीय प्रज्ञानंदा उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं जो इस वर्ष मार्च-अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में खेलेंगे। इस टूर्नामेंट का विजेता खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में गुकेश का सामना करेगा। फैबियानो कारुआना, हिकारू नाकामुरा, अनीश गिरी, वेई यी, जावोखिर सिंदारोव, एंड्री एसेपेंको और मैथियास ब्लूबाउम अन्य खिलाड़ी हैं जिन्होंने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। आनंद ने कहा, ''जो भी खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जीतेगा वह विश्व चैंपियनशिप में कड़ी चुनौती पेश करेगा। मुझे लगता है कि अगर प्रज्ञानंदा क्वालीफाई करने में सफल रहता है तो यह मुकाबला दोनों भारतीय खिलाड़ियों के लिए भावनात्मक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण होगा। आनंद जयपुर साहित्य महोत्सव में अपनी नई किताब 'लाइटनिंग किड: 64' का प्रचार करने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा, ''अगर प्रज्ञानंदा और गुकेश आमने-सामने होंगे तो यह सामान्य मुकाबला नहीं होगा। ऐसी स्थिति में इस टूर्नामेंट का आयोजन चेन्नई में भी हो सकता है। मेरे कहने का मतलब है कि उन दोनों के लिए परिस्थितियां एक जैसी होंगी। उनके आसपास के सभी लोगों की प्रतिक्रिया बहुत भावनात्मक होगी। चेन्नई ने आखिरी बार 2013 में विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब आनंद का मुकाबला नॉर्वे के दिग्गज खिलाड़ी और वर्तमान में विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन से हुआ था। इससे पहले 2000 में दिल्ली ने भी विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब आनंद ने स्पेन के एलेक्सी शिरोव का सामना किया था। भारत के पहले ग्रैंडमास्टर आनंद ने कहा कि गुकेश का किसी भी अन्य प्रतिद्वंद्वी के साथ मुकाबला भी दिलचस्प होगा, लेकिन उसका भावनात्मक पहलू नहीं जुड़ा होगा। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि अमेरिकी खिलाड़ियों कारुआना और नाकामुरा भी क्वालीफाई करने के प्रबल दावेदार हैं। अगर उनमें से कोई क्वालीफाई करता है तो वह दिमागी खेल खेलने की कोशिश करेगा। साथ ही वे काफी उम्रदराज भी हैं। प्रज्ञानंदा को छोड़कर कोई भी अन्य खिलाड़ी अगर क्वालीफाई करता है तो उसमें भावनात्मक पहलू नहीं जुड़ा होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुझे डेल स्टेन की आक्रामकता बहुत पसंद है: हेनिल

**बुलावायो।** अमेरिका के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप के पहले मैच में पांच विकेट लेकर भारत की छह विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने कहा कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन की मैदान पर आक्रामकता से प्रेरणा मिलती है। पटेल ने गुरुवार को यहां खेले गए मैच में 16 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे पांच बार के चैंपियन भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। यह पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप में किसी भारतीय गेंदबाज का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे बेहतर प्रदर्शन केवल कमल पासी (2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 23 रन देकर छह विकेट) और अनुकूल रॉय (2018 में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 14 रन देकर पांच विकेट) ने किया है। पटेल ने आईसीसी डिजिटल से कहा, ''मुझे डेल स्टेन की आक्रामकता बहुत पसंद है। उनकी गेंदबाजी इतनी अच्छी थी कि कोई भी बल्लेबाज उनके सामने खुलकर नहीं खेल पाता था। उनका सामना करना बहुत मुश्किल था। पटेल के पांच में से तीन विकेट अपने शुरुआती स्पेल में लिए। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने खुलासा किया कि गेंदबाजी की शुरुआत करते समय उनकी सफलता की कुंजी विकेट को निशाना बनाकर गेंदबाजी करना था। पटेल ने कहा, ''मैं हमेशा बल्लेबाज को तीन से चार गेंदों के भीतर आउट करने के बारे में सोचता हूं। मेरा मकसद जल्दी विकेट लेना है। मैं इसी मानसिकता के साथ खेलता हूं और शांति से अपने काम को अंजाम देता हूं। मैं सकारात्मक मानसिकता के साथ अभ्यास करता हूं और मैच में भी यही प्रक्रिया अपनाता हूं। इस बीच भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अमेरिका के खिलाफ मैच में कम विकेट खोकर जीत हासिल करनी चाहिए थी। म्हात्रे ने कहा, ''हमने अपनी पारी को बहुत लंबा खींच दिया और चार विकेट गंवा दिए। हम बिना विकेट खोए या एक विकेट गंवाकर यह लक्ष्य हासिल कर सकते थे।

### भारतीय कप्तान संदेश झिंगन समेत एफसी गोवा के खिलाड़ियों ने वेतन में कटौती स्वीकार की

**नयी दिल्ली।** भारतीय कप्तान संदेश झिंगन सहित एफसी गोवा के खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ ने 14 फरवरी से शुरू होने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए वेतन में कटौती स्वीकार कर ली है। एफसी गोवा ने इसकी जानकारी देते हुए खिलाड़ियों के इस फैसले को 'निस्वार्थ' कार्य बताया। गोवा के क्लब ने गुरुवार रात 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि उसने भारतीय फुटबॉल में चल रही उथल-पुथल के मद्देनजर आगे आने वाली चुनौतियों को लेकर खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ के साथ बातचीत की। बयान में कहा गया है, ''भारतीय फुटबॉल के लिए अनिश्चितता के इस दौर में हमारे क्लब ने अपने सामने मौजूद चुनौतियों को लेकर पूरी ईमानदारी के साथ बातचीत की और इसके बाद जो कुछ हुआ उस पर हमें बहुत गर्व है। एफसी गोवा ने कहा, ''हमारी प्रथम टीम के खिलाड़ियों और तकनीकी स्टाफ ने एकजुटता दिखाई और इस अवधि के दौरान अपना वेतन कम करने पर सहमति जताकर क्लब का समर्थन करने का विकल्प चुना। यह आसान निर्णय नहीं था। यह एक निस्वार्थ फैसला था। एफसी गोवा की टीम में उदांता सिंह और बोरिस सिंह जैसे कुछ अन्य भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। इस महीने की शुरुआत में एक अन्य आईएसएल टीम बेंगलुरु एफसी के मालिक पार्थ जिंदल ने आईएसएल में भाग लेने के लिए क्लब पर पड़ने वाले 'वित्तीय बोझ' को देखते हुए खिलाड़ियों से 'बलिदान करने' की अपील की थी और कहा था कि अगर खिलाड़ियों का समर्थन नहीं मिलता है तो क्लब को हमेशा के लिए बंद करना पड़ सकता है। जिंदल ने यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया कि खिलाड़ियों को किस तरह का बलिदान करना होगा, लेकिन उनके कहने का मतलब खिलाड़ियों के वेतन में कटौती हो सकती है। इस क्लब में पूर्व भारतीय कप्तान सुनील छेत्री और स्टार गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। जिंदल की यह अपील खेल मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा यह घोषणा करने के ठीक एक दिन बाद आई थी कि आईएसएल का 2025-26 का सत्र 14 फरवरी से शुरू होगा जिसमें सभी 14 क्लब भाग लेंगे। इस बीच एशियाई फुटबॉल महासंघ (एएफसी) ने एएफसी चैंपियंस लीग दो में खेलने के लिए आईएसएल टीमों को अनिवार्य रूप से 24 मैच खेलने के मानदंड में भी छूट दे दी है। उसने हालांकि स्पष्ट किया है कि आईएसएल चैंपियन को ग्रुप चरण में सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा। इस बीच पिछले 48 घंटों में क्लबों से विदेशी खिलाड़ियों का पलायन जारी रहा। स्पेनिश फॉरवर्ड इकर गुआरोटक्सेना एफसी गोवा को छोड़कर इंडोनेशिया के पर्सिजाप जेपारा में शामिल हो गए हैं। दो अन्य स्पेनिश खिलाड़ी डेविड तिमोर और बोरजा हेरेरा पहले ही क्लब को छोड़ चुके हैं।

### डेलॉयट ने आगामी बजट में एमएसएमई निर्यात के लिए ऋण बढ़ाने का दिया सुझाव

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में व्यापारिक स्थिरता बढ़ाने एवं बाहरी कमजोरियों को कम करने के लिए निर्यात ऋण तथा रियायती वित्तपोषण के माध्यम से छोटे उद्यमों को समर्थन देने के साथ-साथ महत्वपूर्ण खनिजों की खोज के लिए वित्तपोषण जैसे उपायों पर विचार किया जाना चाहिए। वित्तीय परामर्श एवं सलाहकार कंपनी डेलॉयट इंडिया ने यह बात कही। डेलॉयट ने बजट को लेकर अपनी आकांक्षाओं पर कहा कि भारत के निर्यात में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का 46 प्रतिशत हिस्सा है और कृषि के बाद ये दूसरे सबसे बड़े नियोक्ता हैं। वित्तीय एवं अनुपालन संबंधी दबावों को कम करने से इन उद्यमों को वैश्विक अस्थिरता से निपटने, उत्पादन बनाए रखने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा, '' एमएसएमई को मजबूत करने से रोजगार सुरक्षित होंगे और समावेशी आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी, ग्रामीण आय में वृद्धि होगी तथा भारत की वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की महत्वाकांक्षा को समर्थन मिलेगा। डेलॉयट ने अंतिम छोर तक एमएसएमई की प्रतिस्पर्धा को बेहतर बनाने और सरलीकृत डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से अनुपालन बोझ को कम करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण का सुझाव दिया।

## बार्टमैन की हैट्रिक से पार्ल रॉयल्स एसए20 के प्लेऑफ में

सेंचुरियन। ओटनेल बार्टमैन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक सहित पांच विकेट लिए जिससे पार्ल रॉयल्स ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। बार्टमैन ने 16 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे रॉयल्स ने कैपिटल्स को 19.1 ओवर में 127 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद रॉयल्स के बल्लेबाजों ने 4.5 ओवर शेष रहते हुए आसानी से लक्ष्य हासिल कर दिया। उसने 15.1 ओवर में चार विकेट पर 128 रन बनाकर बोनस अंक हासिल किया। इससे वह 21 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गया है। बार्टमैन एसए20 के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले प्रिटोरिया कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने पिछले हफ्ते ही किंग्समीड में डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ यह कारनामा किया था। बार्टमैन ने आंद्रे रसेल, लिज़ाद विलियम्स और एनगिडी को आउट करके हैट्रिक बनाई।

# डब्ल्यूपीएल: तीन दिन में दूसरी बार आमने सामने होंगे यूपी वॉरियर्स और मुंबई इंडियंस

एजेंसी

नवी मुंबई। सत्र की अपनी पहली जीत हासिल करके उत्साह से ओतप्रोत यूपी वॉरियर्स की टीम शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। पहले तीन मुकाबलों में जीत हासिल नहीं कर पाने वाली वॉरियर्स ने गुरुवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अपना खाता खोला। यह दोनों टीम तीन दिनों में दूसरी बार एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। वॉरियर्स को हालांकि अभी भी अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर समस्या का समाधान ढूंढना होगा, क्योंकि सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे लगातार चौथे मैच में नहीं चल पाई। मुख्य



कोच अभिषेक नायर और कप्तान मेग लैनिंग अब फोएबे लिचफील्ड से पारी की शुरुआत कराने या श्वेता सहरावत जैसी किसी खिलाड़ी को शीर्ष क्रम में आजमाने के विकल्प पर विचार कर सकते हैं। ऐसे में नवगिरे को मध्यक्रम में या फिनिशर के रूप में खेलने के लिए कहा जा सकता है। हरलीन देओल ने 39 गेंदों में 64 रन की शानदार पारी खेली और वह अपनी इस लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। नायर ने कहा, ''हरलीन एक ऐसी खिलाड़ी है जो टीम के हित को प्राथमिकता देती है। इस टीम में खिलाड़ियों की सोच इसी तरह की है। वह अब हरमनप्रीत कौर के बाद इस सत्र में अर्धशतक बनाने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज हैं और हम यही चाहते थे। हरलीन और क्लो ट्रायोन की शानदार पारियों से वॉरियर्स ने जीत का स्वाद चखा। दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन, हरलीन और लिचफील्ड जैसी विश्व स्तरीय खिलाड़ियों की मौजूदगी में वॉरियर्स की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। वॉरियर्स से हार के कारण मुंबई इंडियंस का दो मैच से चला आ रहा जीत का सिलसिला रुक गया। हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम अब बदला लेने के लिए बेताब होगी। मुंबई के गेंदबाजों ने अपने पिछले मैच में खासकर हरलीन के खिलाफ वाइड और शॉर्ट गेंदें फेंकने की गलती की और इसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। बीमारी के कारण एक मैच से बाहर रहने के बाद नैट साइवर ब्रंट ने वॉरियर्स के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। निकोला कैरी ने भी अब तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया है, जबकि हेली मैथ्यूज अपनी जोरदार बल्लेबाजी के लिए जानी जाती हैं। मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण में अमेलिया केर और शबनीम इस्माइल जैसी शानदार खिलाड़ी हैं।

## सोनी ओपन में येल्लामाराजू और राय का अच्छा प्रदर्शन, थीगाला को संघर्ष करना पड़ा

होनोलूलू (हवाई)। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर सहित थीगला ने 2026 के पीजीए टूर में अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और वह सोनी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 73 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 104वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के कनाडाई खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामाराजू ने हालांकि अपने राउंड की शुरुआत डबल बोगी से करने के बावजूद तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने पांच बर्डी लगाईं, एक डबल बोगी और दो बोगी की तथा नौवें होल पर ईगल के साथ अपना खेल समाप्त किया। वह संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय भी संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। उन्होंने भी तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। मौजूदा चैंपियन निक टेलर ने आठ अंडर 62 का स्कोर बनाकर केविन रॉय के साथ शुरुआती बढ़त साझा की है।

# सर्राफा बाजार में सोने की रफ्तार पर आज लगा ब्रेक चांदी ने लगातार चौथे दिन बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की तेजी पर आज ब्रेक लगता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी आज एक बार फिर मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। चांदी ने आज लगातार चौथे दिन ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। सोना आज 370 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसके विपरीत चांदी ने भी आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 5 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में आज आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,610 रुपये से लेकर 1,43,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,640 रुपये से लेकर



1,31,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज ये चमकीली धातु 2,95,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,43,760 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,43,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,31,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## श्रीलंका में चक्रवात दितवाह के बाद हुए आर्थिक नुकसान का आकलन करेगा आईएमएफ

कोलंबो। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का आकलन दल चक्रवात 'दितवाह' से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए 22 से 28 जनवरी तक श्रीलंका की यात्रा करेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का दल इस बात का पता लगाएगा कि वह श्रीलंका को उसके पुनर्निर्माण प्रयासों में सर्वोत्तम सहायता कैसे प्रदान कर सकती है। इसमें विस्तारित निधि सुविधा द्वारा समर्थित कार्यक्रम को फिर से शुरू करना और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सलाह एवं तकनीकी सहायता प्रदान करना शामिल है। श्रीलंका में आईएमएफ मिशन के प्रमुख इवान पापाजॉर्जियो ने बयान में कहा, '' चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान के पैमाने एवं दायरे पर अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए आईएमएफ का एक दल 22 से 28 जनवर 2026 तक श्रीलंका की यात्रा करेगा।

# अवैध वॉकी-टॉकी बेचने के लिए मेटा अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो पर लगा 10-10 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में दिग्गज ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अमेजन-फ्लिपकार्ट समेत 8 ई-कॉमर्स कंपनियों पर 10-10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण ने अनधिकृत वॉकी-टॉकी की लिस्टिंग और बिक्री के लिए अमेजन, फ्लिपकार्ट, मेटा (फ़ेसबुक मार्केटप्लेस) और मीशो सहित आठ संस्थाओं पर कुल 44 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मीशो, मेटा प्लेटफॉर्म्स (फ़ेसबुक मार्केटप्लेस), फ्लिपकार्ट, और अमेजन पर 10-10 लाख रुपये और चिमिया, जियो मार्ट, टॉक प्रो और मास्कमैन टॉय पर 1-1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मीशो, मेटा, चिमिया, जियोमार्ट और टॉक प्रो ने अपने जुर्माने का भुगतान कर दिया है, जबकि शेष प्लेटफॉर्म्स से भुगतान का इंतजार है। सीसीपीए ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और दूरसंचार कानूनों का उल्लंघन करते हुए अनधिकृत वॉकी-टॉकी को सूचीबद्ध करने और बेचने वाले ई-कॉमर्स मंचों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई शुरू की है। प्राधिकरण ने विभिन्न मंचों पर 16,970 से अधिक गैर-अनुपालन वाले उत्पाद के सूचीबद्ध किए जाने की पहचान के बाद 13 ई-कॉमर्स मंचों चिमिया, जियोमार्ट, टॉक प्रो, मीशो, मास्कमैन टॉयज, ट्रेडइंडिया, अंतरिक्ष टेक्नोलॉजीज, वरदानमार्ट, इंडियामार्ट, मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक (फ़ेसबुक मार्केटप्लेस), फ्लिपकार्ट, कृष्णा मार्ट और अमेजन को नोटिस जारी किए हैं।

## कर्नाटक को 11 महीनों में 4.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश मिला : मंत्री पाटिल

बेंगलुरु। कर्नाटक के मध्यम एवं बड़े उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि राज्य ने फरवरी 2025 में आयोजित अपने वैश्विक निवेशक सम्मेलन के 11 महीने के भीतर 4.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश हासिल कर लिया है। यह निवेशक सम्मेलन में हासिल की गई 10.27 लाख करोड़ रुपये की प्रतिबद्धताओं का 46 प्रतिशत है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच में अपनी भागीदारी से पहले पाटिल ने कहा कि त्वरित मंजूरी एवं पूरी तरह से डिजिटल एकल-खिड़की प्रणाली के कारण राज्य में निवेश प्रतिबद्धताओं को जमीनी परियोजनाओं में तेजी से परिवर्तित किया गया है। पाटिल 19 से 23 जनवरी तक दावोस में रहेंगे। उन्होंने बताया कि विनिर्माण क्षेत्र में निवेश के लिए किए गए 5.66 लाख करोड़ रुपये की प्रतिबद्धताओं में से 3.22 लाख करोड़ रुपये का निवेश पहले ही मिल चुका है जो 58 प्रतिशत की सफलता दर दर्शाता है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 4.25 लाख करोड़ रुपये की प्रतिबद्धताओं के मुकाबले 1.41 लाख करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है जबकि अवसंरचना विकास क्षेत्र में 45,000 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धताओं में से 8,500 करोड़ रुपये का निवेश मिला है। पाटिल ने कहा कि राज्य, 30 से अधिक विभागों में 150 से अधिक सेवाओं को एकीकृत करने वाले एक डिजिटल एकल-खिड़की मंच के माध्यम से भूमि आवंटन, वैधानिक अनुमोदन एवं आवेदन प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करके समझौता ज्ञापन के चरण से आगे बढ़ गया है।

# डाक से भेजे जाने वाले माल पर 15 जनवरी से निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं लागू: सीबीआईसी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने भारत के ई-कॉमर्स सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए बड़ा पॉलिसी बदलाव किया है। सीबीआईसी ने कहा कि आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल जैसी निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं अब डाक के जरिए भेजे जाने वाले माल पर भी लागू होंगी। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि इसके तहत पोस्टल रूट से भेजे जाने वाले सामानों पर भी जरूरी निर्यात प्रोत्साहन दिए जाएंगे। 15 जनवरी, 2026 से लागू होने वाला यह कदम छोटे एक्सपोर्टर्स को ग्लोबल ट्रेड



नेटवर्क में शामिल करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन प्रोत्साहनों से सूक्ष्म, लघु एवं मंझोले उद्यम (एमएसएमई) निर्यातकों विशेष रूप से छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों के निर्यातकों की प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है और डाक निर्यात को काफी बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा, ''सीबीआईसी ने 'ड्यूटी ड्रॉबैक', निर्यातित उत्पादों पर शुल्क एवं करों की छूट (आरओडीटीईपी) और राज्य एवं केंद्रीय करों तथा शुल्क की छूट (आरओएससीटीएल) योजनाओं के तहत निर्यात से संबंधित लाभों को 15 जनवरी से डाक के जरिए इलेक्ट्रॉनिक रूप में किए गए निर्यातों तक विस्तारित कर दिया है।'' 'ड्यूटी ड्रॉबैक' निर्यात को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इसके तहत निर्यात किए गए माल के निर्माण या उत्पादन में उपयोग किए गए कच्चे माल पर चुकाए गए सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क (या उनके समकक्ष कर) का पूरा या आंशिक 'रिफंड' निर्यातक को दिया जाता है। मंत्रालय ने बताया कि इस उपाय का उद्देश्य डाक माध्यमों का उपयोग करने वाले निर्यातकों के लिए समान अवसर प्रदान करना एवं सीमा पार ई-कॉमर्स के विकास के लिए एक अनुकूल तथा समावेशी परिवेश बनाना है। सीबीआईसी ने इन लाभों को क्रियान्वित करने के लिए डाक निर्यात (इलेक्ट्रॉनिक घोषणा और प्रसंस्करण) विनियम, 2022 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इससे निर्यातकों को डाक मार्ग से निर्यात किए गए माल के लिए 'ड्यूटी ड्रॉबैक', आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल लाभों का दावा करने में सक्षम बनाया जा सके। भारत में वर्तमान में सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा-7 के तहत अधिसूचित 28 विदेशी डाकघर (एफपीओ) हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने किया कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



चित्रकूट। भगवान श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री ने देर रात मनोकामनाओं के पूरक भगवान श्री कामतानाथ सरकार की परिक्रमा लगाई। इसके साथ ही देव गंगा मंदाकिनी के रामघाट पहुंच कर देवभूमि चित्रकूट की महिमा का गुणगान किया।

आपको बता दें कि गुरुवार को अपरान्ह करीब पांच बजे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचे। विशेष विमान से देवांगना एयरपोर्ट पर उतरने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच वह दीनदयाल शोध संस्थान के लिए रवाना हो गए। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री अपने गुरुदेव तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह जयपुर पहुंचे थे। उनके जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के बाद आचार्य पंडित धीरेन्द्र शास्त्री विशेष विमान से चित्रकूट के देवांगना एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से कड़ी सुरक्षा के बीच वह सीधे डीआरआई के आरोग्यधाम रवाना हो गए। यहां पर उन्होंने देर शाम उनकी डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन से मुलाकात हुई। धीरेन्द्र शास्त्री ने राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद देर रात अपने भक्तों के साथ मनोकामनाओं के पूरक भगवान श्री कामतानाथ सरकार के दर्शन कर कामदगिरि पर्वत की पंचकोसी परिक्रमा लगाई। इसके बाद देव गंगा मंदाकिनी के रामघाट तट पहुंचकर चित्रकूट के राजाधिराज स्वामी मत्त गजेन्द्र नाथ के द्वारा पर माथा टेक चित्रकूट की महिमा का गुणगान किया। कामदगिरि परिक्रमा के दौरान धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने चाय भी पी। इसके बाद बांदा के लिए सड़क मार्ग से रवाना हों गए। बांदा में शुक्रवार से उनको चार दिवसीय हनमुंत कथा का शुभारंभ करना है।

## कानपुर में खतौनियों की गल्तियों को सुधारने के लिये विशेष अभियान का आगाज

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में खतौनियों में खातेदारों और सह-खातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों और लोप के मामलों को दुरुस्त करने के लिए गुरुवार से विशेष अभियान चलाया गया है। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह अभियान 15 मार्च 2026 तक संचालित होगा और रोस्टर के अनुसार तय तिथियों पर प्रत्येक तहसील में चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई पूरी की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने बताया कि राजस्व परिषद के निर्देशानुसार अभियान को छह चरणों में विभाजित किया गया है। पहले चरण में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक ग्राम पंचायत स्तर पर क्षेत्रीय लेखपाल भू-प्रबंधन समिति और ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में खातेदारों व सह-खातेदारों के गाटों का अंश पढ़कर सुनाएंगे। दूसरा चरण 23 जनवरी से सात फरवरी तक चलेगा, जिसमें प्राप्त आपत्तियों के आधार पर लेखपाल द्वारा अभिलेखों की जांच कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। तीसरे चरण में आठ फरवरी से 22 फरवरी तक राजस्व निरीक्षक स्तर पर जांच और संस्तुति की कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद चौथा चरण 23 फरवरी से 4 मार्च तक निर्धारित किया गया है, जिसमें तहसीलदार स्तर पर परीक्षण कर विवादित प्रकरणों में आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। पांचवां चरण पांच मार्च से 11 मार्च तक चलेगा, जिसमें स्वीकृत मामलों में संशोधन आदेश जारी किए जाएंगे। अंतिम चरण 12 मार्च से 15 मार्च तक रखा गया है, जिसके तहत संशोधन आदेशों के अनुसार खतौनी में प्रविष्टि कराकर अभियान का समापन किया जाएगा। जिलाधिकारी के अनुसार सभी प्रकरण भूलेख खतौनी अशुद्धि सुधार पोर्टल पर दर्ज किए जाएंगे।

# बलिया में स्वामी सहजानंद की प्रतिमा हटाने के विरोध में किसान, एडीएम को दिया ज्ञापन



बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के भरौली में गंगा नदी पर बन रहे तीसरे पुल को जोड़ने के लिए प्रस्तावित एलिवेटेड गोलंबर की जद में आ रहे सहजानंद सरस्वती पार्क एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रतिमा को अन्यत्र हटाने की तैयारी से स्थानीय लोगों और किसानों में भारी रोष है। सैकड़ों लोगों ने शुक्रवार को गड़हा विकास मंच के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर एडीएम नमामि गंगे को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देते समय किसानों ने एडीएम से कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रतिमा में हमारी गहरी आस्था है।

किसान स्वामी जी को अपना भगवान मानते हैं। स्वामी जी की प्रतिमा के सामने देश की बड़ी बड़ी राजनीतिक हस्तियां नतमस्तक होती रही हैं। ऐसे में अगर प्रतिमा को कहीं हटाया गया तो हमें दुख होगा। अगर शासन हमारी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं करता है तो हम लोग लोकतांत्रिक तरीके से प्रतिरोध करेंगे। उस दौरान हुई किसी भी अनहोनी की समस्त जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश शासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में चन्द्रमणि राय, विभव शंकर ठाकुर, वंश नारायण राय, बिजेंद्र राय, डॉ. विमलेश राय, हिमांशु राय, अरुण राय, प्रशांत राय, सौरभ सिंह रानू, कमल देव सिंह, विनोद राय, शिवनारायण राय, जितेन्द्र राय व रामजी राय आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज : कुंए में मिले मां -बेटी के शव, मायके वालों ने जताई हत्या की आशंका

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज जिले में स्थित कौंधियारा थाना क्षेत्र के बढ़गोहना गांव में शुक्रवार सुबह घर से कुछ दूरी पर कुएं में मां-बेटी का शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से निकलवाया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके वालों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि कौंधियारा थाना क्षेत्र के बढ़गोहना गांव निवासी सोनम पटेल 35 वर्ष पत्नी शिवबाबू और उसकी 6 माह की बेटी दृष्टि का शव घर से लगभग 50 मीटर दूर स्थित कुएं में शुक्रवार सुबह पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को बाहर निकला गया ।प्रथम दृष्टया मृत्यु की वजह डूबने से प्रतीत हो रहा है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाय। मृतका सोनम पटेल के भाई राम गनेश निवासी गढ़नी तारा थाना घूरपुर ने बताया कि बहन सोनम की शादी पहले ज्ञान सिंह से हुई थी। जिससे एक बेटी सृष्टि है। लेकिन ज्ञान सिंह का सड़क हादसे में निधन हो गया। जिससे मेरी बहन विधवा हो गई। हम लोगों ने दुर्घटना के लिए क्लेम किया तो 15 लाख रुपए मिले। इस लालच में सोनम के देवर शिवबाबू ने 2023 में शादी की और पैसे की डिमांड करते हुए प्रताड़ित करने लगे। मेरी बहन से कार खरीदने के पैसा लिया जबकि पहले शादी करने के लिए तैयार नहीं था। हालांकि किसी तरह शादी देवर के साथ कर दी गई। देवर शिवबाबू से शादी के बाद छह पूर्व दूसरी बेटी दृष्टि का जन्म हुआ। मेरी बहन बताती थी बचा हुआ पैसा मांगने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। मेरी बहन गुरुवार की शाम मेरे घर से ससुराल पहुंची और शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि मेरी बहन सोनम छोटी बेटी दृष्टि सहित गायब है। इस सूचना पर हम लोग पहुंचे तो इस घटना के संबंध में जानकारी हुई। हमें आशंका है कि मेरी बहन के साथ कोई अनहोनी हुई है। इस संबंध में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस से संपर्क करेंगे।

# मणिकर्णिका घाट पर वृहद शवदाह घाट योजना के लिए लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर वृहद शवदाह घाट योजना के लिए स्थानीय लोगों के मिली-जुली प्रतिक्रिया एवं असर देखने को मिल रहा है। मणिकर्णिका घाट पर बहुत जल्द चिताओं के जलाने के लिए वृहद शवदाह घाट मिलेगा, जिसके लिए आगामी ग्राफिक को जिला प्रशासन और रूपा फाउंडेशन ने तैयार कर लिया है। इस ग्राफिक को तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल भी किया जा रहा है। वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर तारकेश्वर मंदिर के पीछे चाय की दुकान चलाने वाले कमल ने कहा कि छह दिनों पूर्व में बगल में बुलडोजर से घाट के कुछ हिस्से को खाली किया गया। घाट के कुछ हिस्से हटाने के बाद से बहुत सारे लोग यहां तोड़-फोड़ वाली जगह देखने आ रहे हैं। मणिकर्णिका घाट की तस्वीर बदले और यहां चिताओं को जलाने की व्यवस्था और भी अच्छी हो जाएं, यह तो हर एक बनारसी चाहता है। जौनपुर जिले के मड़ियाहूं से चिता लेकर आए मन्नीलाल और उनके साथियों ने कहा कि मणिकर्णिका घाट पर चिताओं के जलाने में आने वाली समस्याएं बहुत हैं। स्थान की कमी को जो वाराणसी का प्रशासन दूर करने जा रहा है तो यह सराहनीय कदम है। वाराणसी घूमने आए दक्षिण भारत के मणि रत्नम के परिवार ने कहा कि बनारस की खूबसूरती देखने के बाद वे अंतिम यात्रा के घाट को देखने आए हैं। यह पहली बार वे आए हैं और यहां मणिकर्णिका घाट के इतिहास को जानकर उन्हें प्रसन्नता हुई है। साथ ही, नवीन डेवलपमेंट से और भी विकास की रोशनी दिख रही है। मणिकर्णिका घाट को और भी सुंदर बनाना चाहिए। वाराणसी में दुर्गाकुंड निवासी गौरव ने कहा कि मणिकर्णिका घाट पर जो आज तस्वीर दिखाई दे रही है, आने वाले समय में सब कुछ बदला हुआ दिखाई देगा। इस बदलाव में काशी का एक और मंदिर हटाया गया है। उनका जिला प्रशासन से आग्रह है कि बिना मंदिरों के तोड़-फोड़ किए विकास कार्य को कराया जाए।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# शिक्षक संघ ने एमएलसी शिक्षक निर्वाचन की मतदाता सूची पर उठाए सवाल, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर में कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई) ने वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र विधान परिषद चुनाव की मतदाता सूची में कथित तौर पर फर्जी शिक्षकों के नाम शामिल किए जाने का आरोप लगाया। संघ ने इस संबंध में मुख्य निर्वाचन आयुक्त, मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ, आयुक्त जौनपुर और जिलाधिकारी जौनपुर को एक पत्र भेजा है। जिलाध्यक्ष तेरस यादव ने बताया कि वर्ष 2026 में होने वाले विधान परिषद सदस्य चुनाव के लिए प्रकाशित निर्वाचक नामावली में अवैधानिक तरीके से फर्जी शिक्षकों के नाम जोड़े गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के तहत जारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। संघ का आरोप है कि शिक्षाधिकारियों द्वारा सेवा प्रमाण पत्रों को प्रतिहस्ताक्षरित किए बिना ही शिक्षकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कर लिए गए, जिससे बड़ी संख्या में फर्जी मतदाता बन गए हैं। संगठन ने यह भी बताया कि उन्होंने पहले भी सक्षम अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी, लेकिन किसी भी स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। संघ की मांग है कि विधान परिषद चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए ऐसे फर्जी मतदाताओं के नाम प्रकाशित नामावली से हटाए जाएं और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई) ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

# महिला उत्पीड़न के मामले में अपर्णा यादव का मेडिकल कालेज जाना उचित: आयोग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अमेठी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबिता सिंह ने केजीएमयू में अपर्णा यादव और कुलपति के विवाद को लेकर कहा कि महिला आयोग की उपाध्यक्ष का किसी भी महिला उत्पीड़न मामले में जाना उचित है। डा बबिता सिंह ने शुक्रवार को अमेठी में पत्रकारों से बातचीत में महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव का समर्थन करते हुए कहा कि यदि अपर्णा यादव वहां गई थी तो वहां किसी जिम्मेदार को अपर्णा यादव से मिलना चाहिए था। महिला आयोग कहीं भी जा सकता है।इसमें उन्होने कोई गलत नहीं किया। रही बात गलती कि तो वहां किसी की गलती नहीं है।वहां धर्मान्तरण का मुद्दा है।यदि किसी प्रतिष्ठित संस्थान में इस तरह का काम हो रहा है तो यह बहुत ही गलत है।इसके अलावा उन्होंने महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी लिया।इस दौरान संतोष जनक जवाब ना मिलने पर नाराजगी जताई। इसके पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में नव जात बच्चियों को अन्नप्राशन कराया।इस दौरान उन्होंने कहा कि बेटियों का जन्म अब उत्सव के रूप में मनाया जाता है।इसके पहले बेटियां जन्म के पहले गर्भ में ही समाप्त कर दी जाती थी।उन्होंने कहा कि यह सब प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ और देश के पीएम नरेंद्र मोदी के रहते हुए संभव हुआ है।

# म्योहाल स्पोर्ट्स हॉस्टल ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज की देख-रेख में स्थानीय सर्वोदय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज भीरपुर में एक दिवसीय जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जनपद की कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया और म्योहाल स्पोर्ट्स हॉस्टल विजेता बनी। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला म्योहाल स्पोर्ट्स हॉस्टल एवं शिवाजी स्पोर्टिंग क्लब नैनी के बीच खेला गया, जिसमें म्योहाल स्पोर्ट्स हॉस्टल ने शिवाजी स्पोर्टिंग क्लब नैनी को 25-23 व 28-26 अंकों से हराकर जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता की चैम्पियन ट्रॉफी जीत ली। इसके पूर्व खेले गए प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच में म्योहाल स्पोर्ट्स हॉस्टल ने बजरंग स्पोर्टिंग क्लब औता को 25-21 व 25-19 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में शिवाजी स्पोर्टिंग क्लब नैनी ने देव स्पोर्ट्स एकेडमी चाका को 25-23 व 25-21 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दौरान फूलचंद गुप्ता, सतेंद्र पांडेय, मुकेश शुक्ला, असफाक अहमद व संतोष कुमार ने निर्णायक की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रयागराज के सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने फाइनल मैच शुरू होने से पूर्व दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम म्योहाल स्पोर्ट्स हॉस्टल प्रयागराज की टीम को 5100 रुपये की नकद धनराशि व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम शिवाजी स्पोर्टिंग क्लब नैनी की टीम को 2500 रुपये की नकद धनराशि व ट्रॉफी के साथ व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मेजबान कॉलेज के प्रबंधक कौशलेश शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन वाचस्पति पाठक व ब्रह्मानंद पांडेय ने किया।

# मणिकर्णिकाघाट पर पुनर्निर्माण को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

■ आरोप-काशी में विकास के नाम पर सुनियोजित तरीके से विनाश किया जा रहा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद स्थित मोक्षतीर्थ मणिकर्णिकाघाट पर पुनर्निर्माण (सुंदरीकरण) के दौरान महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के मामले में शुक्रवार को कंाग्रेस ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी के बाद कंाग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को संबोधित पत्र एसीएम प्रथम को सौंपा। पत्रक सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि मणिकर्णिका घाट पर लगातार धार्मिक स्थलों, देव-देवताओं की मूर्तियों और आस्था से जुड़े स्थानों को तोड़े जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वाराणसी में सुनियोजित रूप से आस्था, इतिहास और संस्कृति का विनाश किया जा रहा है। काशी केवल एक शहर नहीं, बल्कि करोड़ों सनातन आस्थावानों की जीवित संस्कृति है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज उसी काशी में विकास के नाम पर सुनियोजित तरीके से विनाश किया जा रहा है। पहले काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के नाम पर सैकड़ों से अधिक मंदिरों और ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों को तोड़ा गया, फिर स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े प्रतीकों को हटाया गया। अब मणिकर्णिका घाट क्षेत्र में देवी-देवताओं की मूर्तियों, मंदिरों और धार्मिक प्रतीकों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जो काशी की आत्मा पर सीधा प्रहार है। मणिकर्णिका घाट सहित कई क्षेत्रों में ऐसे धार्मिक स्थल हैं, जहां लोगों ने अपना पूरा जीवन सनातन धर्म की सेवा में समर्पित कर दिया, लेकिन बिना किसी मानवीय संवेदनशीलता और वैकल्पिक व्यवस्था के उन्हें उजाड़ा जा रहा है। यहां तक कि देव प्रतिमाओं को उनके मूल स्थान से हटाकर क्षतिग्रस्त किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। यह कैसा विकास है, जिसमें मंदिर टूटते हैं, मूर्तियां क्षतिग्रस्त होती हैं और जनता की आस्था को रौंदा जाता है। वाराणसी की पहचान केवल कॉरिडोर और पत्थरों तक सीमित कर दी जाएगी, या उसकी आत्मा, संस्कृति और धार्मिक विरासत को भी बचाया जाएगा। कंाग्रेस पार्टी स्पष्ट मांग करती है कि पूरे मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए तत्काल एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल का गठन किया जाए, जिसमें जिला प्रशासन, स्थानीय नागरिक और कंाग्रेसजन शामिल हों, ताकि वास्तविक स्थिति की निष्पक्ष जांच हो सके और दोषियों पर कार्यवाही हो। यदि जिला प्रशासन इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान नहीं लेता है और आस्था के साथ हो रहे खिलवाड़ को नहीं रोकता, तो कंाग्रेस पार्टी काशी की जनता के साथ सड़क से लेकर सदन तक लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल ने किया। प्रदर्शन में फसाहत हुसैन बाबू,संजीव सिंह,डॉ राजेश गुप्ता, सतनाम सिंह,अशोक सिंह,दिलीप चौबे,संतोष चौरसिया,हसन मेहदी कब्बन,पीयूष श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।